वर्ष- 21 अंक - 209 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 12 जनवरी 2026

# अंतरिक्ष में भी होगा पेट्रोल पम्प

## रॉकेट लॉन्चिंग सफल, लेकिन ऑर्बिट में तैनात नहीं हो सका सैटेलाइट

**श्रीहरिकोटा.एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में एक नया इतिहास रचने और अंतरिक्ष में पेट्रोल पंप स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से आज आईएसटी पर सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी) पीएसएलवी सी62 रॉकेट लॉन्च किया, लेकिन इसरो की अन्वेषा सैटेलाइट की लॉन्चिंग फेल हो गई। तीसरे स्टेज के बाद रॉकेट ने दिशा बदली। चौथा स्टेज नहीं शुरू हो पाया, जिसके कारण सैटेलाइट सेपरेट नहीं हुआ। सारे पेलोड अंतरिक्ष में खो गए। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो), 2026 के पहले ऑर्बिटल मिशन की लॉन्चिंग सफलतापूर्वक हो गई लेकिन सैटेलाइट तैनात नहीं हो सका। यह मिशन सतीश धवन स्पेस सेंटर के फर्स्ट लॉन्च पैड से उड़ान भरा था। इस मिशन का मुख्य हिस्सा ईओएस-एन1 अन्वेषा था, जो डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा विकसित एक हाइपरस्पेक्ट्रल सैटेलाइट है। अन्वेषा सैटेलाइट एडवांस्ड अर्थ ऑब्जर्वेशन एप्लीकेशन के लिए डिज़ाइन किया गया था।



# शेयर बाजार धड़ाम

**मुंबई.एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार आज लाल निशान पर खुला। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स ओपनिंग के बाद महज दो मिनट में 525 अंक से ज्यादा फिसल गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी सेंसेक्स की तरह ही गिरावट के साथ खुला और अचानक 150 अंक तक टूट गया।

## दिल्ली में ठंड का थर्ड डिग्री टॉर्चर

**नई दिल्ली.एजेंसी।** उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में हो रही बर्फबारी के बाद वहां से आने वाली सर्द हवा के कारण दिल्ली में आज ठंड ने 13 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया और यहां पारा 3 से नीचे चला गया। राजस्थान के भी कई इलाकों में पारा शून्य से नीचे चला गया।

# तीन दिन में 300 श्वानों को जहर देकर मारा

## सनकी युवक ने कुतिया और उसके 12 बच्चों को पीट-पीट कर मार डाला



**हैदराबाद.एजेंसी।** तेलंगाना के हनमकोंडा जिले में पिछले तीन दिनों में 300 आवारा कुत्तों को जहर देकर मार डाला। एनिमल वेलफेयर एक्टिविस्ट्स की रिपोर्ट पर पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव भी शामिल हैं। उधर उत्तरप्रदेश के बस्ती जिले में एक सनकी व्यक्ति ने कुत्ते समेत उसके 12 बच्चों की लाठी-डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। आरोपी कलीमुल्लाह ने कुत्ते के बच्चों को इसलिए मारा, क्योंकि कुतिया ने उसे काट लिया था।

### कुत्तों ने 9 साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला, हाथ काटकर ले गए

उत्तरप्रदेश के संभल में आवार कुत्तों के झुंड ने 9 साल की बच्ची रिया गौतम पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कुत्ते अपने साथ बच्ची का एक हाथ काटकर ले गए।

### मीका सिंह आवारा कुत्तों के लिए दान में देंगे 10 एकड़ जमीन!

पंजाबी सिंगर मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के लिए एक नेक कदम आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा है कि वो अपनी 10 एकड़ जमीन आवारा कुत्तों के लिए दान में दे देंगे ताकि उनके लिए शेल्टर होम बनाए जा सकें।



## जर्मन चांसलर पहुंचे साबरमती आश्रम, मोदी के साथ हुई बात, एक कार में दोनों हुए सवार

**अहमदाबाद.एजेंसी।** जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ गुजरात के अहमदबाद स्थित साबरमती आश्रम पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया और महात्मा गांधी की विरासत के साथ भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े मूल्यों पर बातचीत की। इसके बाद नरेंद्र मोदी और मर्ज एक ही कार से निकले। साबरमती आश्रम के बाद दोनों नेता साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में शामिल होंगे, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत और जनसंपर्क का संदेश देगा।

# 16 दिन 538 मौतें

## लाशों से भरे बैग के ढेर

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ दर्जनों शहरों में प्रदर्शन जारी है। पिछले 16 दिनों में 538 मौतें होने का दावा किया जा रहा है। यहां की सड़कें खून से लाल हो गई। फॉरेंसिक मेडिकल सेंटर के बाहर लाशों से भरे बैग के ढेर लग गए हैं। 10,000 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बीच खबर है कि ईरान में 6 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन ईरान ने इस खबर को गलत बताया।

**रैली में घुसा ट्रक-** अमेरिका के लॉस एंजेलिस में खामेनेई विरोधी रैली में एक ट्रक घुस गया जिससे कई प्रदर्शनकारी ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए।



## सिलेंडर फटने से आतंकी का रिश्तेदार दूल्हा और दुल्हन सहित 8 की मौत

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक घर में गैस सिलेंडर फटने से कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। मरने वालों में एक नवविवाहित जोड़ा भी शामिल था। जिस घर में ब्लास्ट हुआ, वहां शादी की रस्म चल रही थी। मरने वालों में दूल्हा-दुल्हन, उनकी मां, चाचा, चाची और चचेरे भाई-बहन के साथ-साथ दो पड़ोसी वसीम और नईम भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि दूल्हा डेविड हेडली का रिश्तेदार था। डेविड कोलमेल हेडली आतंकी है और मुंबई हमलों की साजिश इसी ने रची थी।

## 5 लोगों के सिर काटकर लटका दिए

**सोमवार.एजेंसी।** इक्वाडोर में तटीय प्रांत मनाबी के प्यूर्टो लोपेज में एक बीच पर 5 सिर लटके हुए मिले। अपराधियों ने ये सिर काटकर रस्सी से बांध दिए थे और इन्हें टांग दिया था। पुलिस को इन अवशेषों के पास से एक वॉर्निंग बोर्ड भी मिला है। इस बोर्ड में स्पैनिश भाषा में चेतावनी देते हुए लिखा था, 'ये हमारा कस्बा है। मछुआरों को लूटना बंद करो।

## भीषण आग, बच्ची की मौत 8 लापता, 6 मकान जलकर राख; कई सिलेंडर फटे

**शिमला.एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में एक नेपाली परिवार के घर में अंगीठी से आग लग गई। इसके बाद कई सिलेंडर फट गए जिससे आग और भीषण हो गई। देखते ही देखते 6 मकान जलकर राख हो गए। हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि 8 लोग लापता हैं।

## ट्रंप ने खुद को घोषित कर दिया वेनेजुएला का 'एक्टिंग प्रेसिडेंट'

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट शेयर कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। इस पोस्ट में ट्रंप की आधिकारिक तस्वीर के साथ लिखा है कि वे वर्तमान से वेनेजुएला का 'एक्टिंग प्रेसिडेंट' हैं। यह पोस्ट उस समय आई है जब अमेरिका वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिका उठाकर लेकर आया।

## कश्मीर में दिखे पाकिस्तानी ड्रोन

**जम्मू.एजेंसी। जम्मू कश्मीर में एलओसी पर कल शाम कई संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। ये ड्रोन सांबा, राजौरी और पुंछ जिलों में पाकिस्तान की ओर से दाखिल हुए। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक संदिग्ध ड्रोन की करीब पांच मूवमेंट सामने आई हैं। ये ड्रोन कुछ देर तक संवेदनशील इलाकों के ऊपर मंडराते रहे।**

# बेटी ने आंखें खोलीं, पिता ने दुनिया छोड़ी

## जन्म की किलकारी और तिरंगे में विदाई ने सबको रुला दिया

**सातारा ● एजेंसी**

महाराष्ट्र के सातारा के आरे-दरे गांव में खुशखबरी के बीच एक दर्दनाक नजारा देखने को मिला। यहां अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए छुट्टी पर आए भारतीय सेना के जवान प्रमोद जाधव की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रमोद की पत्नी ने बेटी को जन्म दिया, लेकिन पिता बने प्रमोद अपनी बेटी का चेहरा देखे बिना ही दुनिया से चले गए। अपनी बेटी को गोद में उठाने की ख्वाहिश और बेटी की पहली मुस्कान देखने का सपना अधूरा रह गया। जन्म की किलकारी और तिरंगे में लिपटी विदाई ने पूरे गांव को रुला दिया। जिस घर में नवजात के आने की खुशियों की तैयारी चल रही थी, उसी घर से कुछ ही घंटों बाद पिता की अंतिम यात्रा निकली। सबसे हृदय विदारक दृश्य तब सामने आया, जब अस्पताल से सीधे स्ट्रेचर पर लाई गई प्रमोद की पत्नी अपने पति के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचीं।



# कांग्रेस की न्याय यात्रा में मौजूद रहे प्रदेशभर के कई विधायक

## और भी नेता चाहते थे उद्‌बोधन देना केवल चार को ही मिला मौका, पटवारी पहुंचे देरी से

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भागीरथपुरा में हुई दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत और कई लोगों के बीमार होने के मुद्दे पर शहर कांग्रेस ने कल न्याय यात्रा का आयोजन बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक किया था। कल रविवार होने की वजह से कांग्रेसी भी खूब आए और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से लेकर प्रदेश भर के कई विधायक इस न्याय यात्रा रैली में पहुंचे। रैली में एकत्रीकरण का समय 11 बजे का दिया गया था और 12 बजे रैली शुरू होना थी यह रैली 1 बजे के बाद शुरू हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी करीब एक घंटा देरी से पहुचे इसी कारण रैली में देरी हुई। फिर भी बड़ी संख्या में भीड़ कांग्रेसियों की बनी रही। कांग्रेस ने कल बड़ी संख्या में भागीरथपुरा से संबंधित पोस्टर लगाए थे। यात्रा मार्ग टोरी कार्नर तक रास्ता कांग्रेसियों को केसरियामय मिला, क्योंकि जय सियाराम बाबा की पालकी यात्रा के कारण यह मार्ग केसरियामय और मंचमय किया गया था। कोई भी कांग्रेसी मंच पर नहीं चढ़ा। कांग्रेसी अपने-अपने समूह में इस यात्रा में चल रहे थे। कई कांग्रेसी अगले चौराहा पर ग्रुप के साथ खड़े दिखे। कांग्रेस की महिला नेत्रियां 11 बजे से आना शुरू हो गई थी। कार्यक्रम में देरी होने की वजह से कई कांग्रेस नेत्रियां टोरी कार्नर से बीच यात्रा से निकल गई। बड़ी कांग्रेस नेत्रियां मौजूद रही। उमंग सिंघार, दिग्विजयसिंह कांतिलाल भूरिया सहित अन्य नेता और बड़ी संख्या में कांग्रेस विधायक मौजूद रहे। कांग्रेस विधायकों की गाड़ी पार्किंग में भी काफी दिक्कत आई। यातायात चौतरफा इस यात्रा मार्ग की तरफ का जाम रहा। कांग्रेसियों की यात्रा के बाद इसी रूट पर पालकी यात्रा निकली उससे भी जाम की स्थिति बनी। इधर कई जगह हिन्दू सम्मेलन होते रहे वहां भी दिक्कतें आई। दिग्विजय सिंह पर भागीरथपुरा मुद्दे पर बयान नहीं देने, ट्विट नहीं करने पर अंगुलियां उठी रही थी, लेकिन कल वे पहुंचे और उन्होंने राजवाड़ा पर डीजे गाड़ी पर चढ़कर उद्‌बोधन भी दिया। कल कुल चार लोगों ने उद्‌बोधन दिए, जिनमें दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, जीतू पटवारी, हरीश चौधरी थे। दिग्विजय सिंह से काफी देर तक बोलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने भी संक्षिप्त उद्‌बोधन दिया। केवल उमंग सिंघार ने ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से अपने उद्‌बोधन में इस्तीफा मांगा, बाकी तीन नेताओं ने इस्तीफा नहीं मांगा। कांग्रेस के कई नेता राजवाड़ा पर उद्‌बोधन देना चाहते थे, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला। पटवारी की देरी पर कांग्रेसी खुसुर-फुसुर करते नजर आए, कुछ उन्हें कोसते भी नजर आए और कहा कि शायद पटवारी पूरी भीड़ का इंतजार कर रहे थे, कुछ ने कहा कि वे हमेशा ही कार्यक्रम में लेट पहुंचते हैं यह उनकी आदत में शुमार हो चुका है। भीड़ को लेकर कांग्रेसी अलग-अलग दावा कर रहे हैं। बड़ा गणपति से टोरी कार्नर तक बड़ी भीड़ थी। गौराकुण्ड तक थोड़ी भीड़ कम हुई, राजवाड़ा पर भी थोड़ी भीड़ कम हो गई थी, लेकिन उपस्थिति ठीक थी। पूरे जुलूस मार्ग में कोई विवाद की स्थिति नजर नहीं आई। पुलिस भी अलर्ट थी। जुलूस के कारण बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक के आईड-साईड के रोड पर और जवाहर मार्ग और सुभाष मार्ग पर भी जाम दिखा। राजवाड़ा पर डीजे गाड़ी पर उद्‌बोधन के लिए व्यवस्था उषा नायडू, संजय दत्ता, संजय बाकलीवाल ने एवं सभा की जिम्मेदारी इम्तियाज बेलिम के पास थी। शैलेष गर्ग शुरू से ही जुलूस को आगे बढ़ाने की व्यवस्था देख रहे थे। रैली 3 बजे राजवाड़ा पहुंची और 3.30 बजे उद्‌बोधन के बाद समापन भी हो गया।

### कांग्रेसियों को था डर भाजपाई दिखा सकते हैं काले झंडे

जिस तरह भागीरथपुरा में कांग्रेसी दौरे के लिए पहुंचे थे और वहां भाजपाइयों से सामना हो गया था उसी तर्ज पर कल कांग्रेस की न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेताओं को आशंका थी कि भाजपाई काले झंडे दिखा सकते हैं। कहीं गुब्बारे भी फेंक सकते हैं, इस पर संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने पुलिस को भी इसकी जानकारी दी थी। पुलिस पूरी तरह अलर्ट थी, बड़ी संख्या में बड़ा गणपति, टोरी कार्नर, गोराकुण्ड,खजूरी बाजार, राजवाड़ा में पुलिस लगी हुई थी, लेकिन भाजपाइयों ने किसी तरह का कोई खलल पैदा नहीं किया और यात्रा शांति से निकली।

### देश के झंडे लहराए

कल कांग्रेसी बड़ा गणपति पर जल्दी पहुंच गए थे उनके हाथों में कांग्रेसी झंडे थे। कांग्रेस के संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने वहां उद्‌बोधन देकर सभी से कहा कि इसमें आम लोग भी आए हैं, इसलिए कांग्रेस के झंडे हटा लिए जाए, देश का तिरंगा झंडा लहराया जाए। इस रैली मार्ग पर कोई स्वागत मंच, हारफूल, नारेबाजी का उपयोग कांग्रेसियों ने नहीं किया, ना ही कांग्रेस के बड़े नेताओं को दुपट्टे पहनाए गए, सीधा-सीधा आयोजन सादगीपूर्ण था, राजवाड़ा पर भी बड़े चार नेताओं का सादगी से उद्‌बोधन हुआ, कोई स्वागत नहीं हुआ। वहां भी भागीरथपुरा के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

### कांग्रेसियों का बढ़ा भीड़ से उत्साह

कल बड़ी संख्या में शहर की सभी विधानसभाओं के अलावा जिले की चारों विधानसभा से भी कांग्रेसी पहुंचे थे। इस भीड़ से कांग्रेसियों में आगे की लड़ाई के लिए उत्साह नजर आया। वहीं जीतू पटवारी भी उत्साहित थे उन्हें लगा कि इस तरह की लड़ाई हर शहर में कांग्रेस लड़े तो कांग्रेस संगठन को हर शहर-जिला में ताकत दी जा सकती है। हर कांग्रेसी भीड़ के अलग-अलग आंकड़े बता रहे थे। इस भीड़ पर भाजपाइयों की भी निगाह लगी रही।

### उमंग सिंघार दिखे हीरो



### बड़े नेता पीते रहे बीच-बीच में पानी

बड़ा गणपति पर कई बड़े नेता 12 बजे के पहले पहुंचना शुरू हो गए थे, केवल जीतू पटवारी लेट आए थे। कांग्रेस के कई बड़े नेता बीच-बीच में पानी की बाटल मंगवाकर पानी पीते नजर आए। इस रैली में इस बार सबसे ज्यादा कांग्रेसियों के आकर्षण का केन्द्र उमंग सिंघार नजर आए, वे अभी विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष है और पिछले सप्ताह उमंग सिंघार ने इंदौर का दौरा किया था, गंदे पानी के मुद्दे भी शहर की विधानसभाओं में जाकर उठाए थे, पाइंट भी चेक किए थे, कल रैली के दौरान कांग्रेसी उनके साथ फोटो खिचवाते, सेल्फी लेते नजर आए।

# मेंदोला के यहां कांग्रेस नेता के नाश्ते के बाद हुआ काम

## पहले विधायक तो नहीं थे, जीतू यादव ने की थी अगवानी

### अब हुआ काम, नहीं दिया मेंदोला और जीतू यादव को श्रेय



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा 2 के वार्ड 25 नंदानगर में नर्मदा जल लाइन में गंदे पानी की समस्या आ रही थी। कांग्रेसियों द्वारा विधायक रमेश मेंदोला के घर घेराव की घोषणा की गई थी। मेंदोला के नंदानगर निवास पर उनके खास समर्थक जीतू यादव सहित अन्य मौजूद थे। ज्यादा कांग्रेसी नहीं पहुंचे तो वहां के छोटे नेता मनोहर रघुवंशी पहुंचे थे। रघुवंशी की अगवानी जीतू यादव ने कर नाश्ता भी कराया था। इस दौरान दूसरी तैयारी भी कर रखी थी जिसकी नौबत भी नहीं आई थी, अब जब कल ड्रेनेज युक्त पानी की समस्या को लेकर जेसीबी पहुंची और काम शुरु हुआ तो मनोहर रघुवंशी ने विधायक रमेश मेंदोला और जीतू यादव का साधुवाद देने के बजाय सोशल मीडिया पर लिखा कि निगम झोन अधिकारियों की नींद देरी से खुली और खुली तो सही और आभार निगम अधिकारियों का रघुवंशी ने जता दिया, जबकि नमक मेंदोला के यहां ग्रहण किया था।





### विपिह पदाधिकारी को भाजपा नेता ने दिए प्रतीक चिन्ह

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर विहिप के प्रांतीय पदाधिकारी खगेन्द्र भार्गव को श्रीजी वैली आगमन पर भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने प्रतीक चिह्न भेंट किया इस दौरान आशीष सिंह, गोलू पांड्या, विनोद यादव, ऋतु बुर्रा, मनीषा पुरोहित, सुदीप पाठक आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रवक्ता कासलीवाल के यहां पहुंचे वरिष्ठ नेतागण



### शोक संवेदना व्यक्त की

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद जैन कासलीवाल के पुत्र प्रखर कासलीवाल के आकस्मिक निधन से पूरा कांग्रेस परिवार गहरे शोक में है। एक होनहार युवा की असमय विदाई ने न केवल कासलीवाल परिवार बल्कि समूचे जैन समाज और राजनीतिक जगत को स्तब्ध कर दिया। कल इन्दौर में कांग्रेस की न्याय यात्रा थी और कई वरिष्ठ नेता, विधायक इन्दौर आए थे। इनमें कई वरिष्ठ नेतागण अलग-अलग आनंद जैन कासलीवाल के यहां पहुंचे और इस शोक की घडी में संवेदना व्यक्त की। प्रमुख रूप से दिग्विजयसिंह, उमंग सिंघार, जयवर्धन सिंह,सचिन यादव एवं कमलेश्वर पटेल, जीतू पटवारी, हरीश चौधरी, उषा नायडू, संजय दत्त, रवि जोशी, चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, अमित चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता अमित चौरसिया ने दी।

# भागीरथपुरा में 23वीं मौत इलाजरत बुजुर्ग ने तोड़ा दम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




भागीरथपुरा में दूषित जल से भले ही बीमार लोगों का आंकड़ा कम हो रहा है, लेकिन मौत का आंकड़ा अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दो दिनों से लगातार इलाजरत लोगों की मौत की खबर आ रही है। वहीं आज सुबह भी एक इलाजरत बुजुर्ग की मौत हुई है। कुल मौतों का आंकड़ा 23 हो चुका है। सरकारी आंकड़ा भले ही भागीरथपुरा दूषित जल कांड में मौतों को लेकर कुछ भी हो, लेकिन यहां अलग-अलग गलियों में रहने वाले अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। भागीरथपुरा वाली इमली गली में रहने वाले भगवान भारने ने आज सुबह अंतिम सांस ली। सूत्रों के मुताबिक उनका पहले शेल्बी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जिसके बाद उन्हें बाम्बे हास्पिटल ले जाया गया था। आज सुबह उनकी मौत की सूचना मिलने के बाद परिजन और आसपास के रहवासी उनके घर पहुंचे। मृतक भगवान भारने के 2 बेटे और 2 बेटी हैं। वे पूर्व में गुजराती कॉलेज के कर्मचारी रहे हैं।

## हिन्दू सम्मेलन में भागीरथपुरा के मृतकों को श्रद्धांजलि क्यों नहीं दी गई- कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन में आखिरकार भागीरथपुरा में दूषित जल से मृतकों को श्रद्धांजलि क्यों नहीं दी गई। सैकड़ों बीमारों के स्वास्थ्य के लिए क्या योजना बनी, संघ यह भी बताएं कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है, भाजपा सरकार संघ के दिशा निर्देश का पालन करती है तो इसपर क्या विचार किया गया। हिन्दू सम्मेलन में बेरोज़गा-री मुद्दा नहीं रहा तो क्यों,, नमामि देवी गंगे, जैसी योजनाओं का कागजी सच्चाई पर बातचीत हुई, नशाखोरी खिलाफ मुहिम चलाने पर सम्मेलन में बातचीत हुई, संघ से जुड़े कतिपय कार्यकर्ता देश विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए गए भाजपा सरकार ने ही पकड़ा ऐसे में संघ ने अपने सदस्यों खातिर क्या नियम कायदे कानून बनाए, क्या ऐसे लोगों की भर्त्सना की, पूरे शहर में गंदा पानी पीने का सप्लाई हो रहा, मिलावटी खाद्य पदार्थ बिक रहा, दवाईयों के अमानक स्तर के बिकने की घटनाएं बढ़ती जा रही है, संघ में क्या इन सब पर चर्चा हुई। अनुत्तरित सवाल है। हिन्दू सम्मेलन में हिन्दू समाज से जुड़े अहम् सवाल पर विचार विमर्श क्यों नहीं किया गया। उक्त पूर्ण जानकारी प्रमोद द्विवेदी द्वारा दी गई।

# ई-रिक्शा की आधी-अधूरी हड़ताल

## कुछ ने किया काम बंद, तो ज्यादातर इधर-उधर से चलते रहे

### 7 सेक्टर में बांटने और कागजात को लेकर किया जा रहा है एसोसिएशन द्वारा विरोध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



इंदौर बैटरी ऑटो रिक्शा चालक महासंघ के बैनरतले आज बैटरी ऑटो रिक्शा की हड़ताल का आह्वान भी किया गया है। यह आह्वान यातायात पुलिस द्वारा इंदौर के बैटरी रिक्शा को 7 सेक्टर में बा-टे जाने, बीमा फिटनेस एवं अन्य दस्तावेज को पूर्ण करने के लिए एक महीने का अवसर, आरटीओ में सिटी परमिट के नाम रिक्शा चालकों से 10 हजार लेने, फर्जी सिटी परमिट जारी करने के विरोध में इंदौर के हजारों ई-रिक्शा चालकों ने हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। हड़ताल के लिए आज 15 घंटे की घोषणा की है जो सुबह 8 से रात्रि 11 बजे तक की गई है, लेकिन कुछ रिक्शे आज खड़े दिखे, लेकिन ज्यादातर ई-रिक्शा चलते दिखे। रिक्शा चालकों से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि हमें रोजाना किराया देना पड़ता है वह कहां से लाएं उसके लिए काम तो करना पड़ेगा। महासंघ ने ऐलान किया था कि ऑटो रिक्शा चालक बड़ा गणपति, हवा बंगला, खजराना, देवासनाका विजयनगर परदेशीपुरा गौरीनगर, अरबिंदो, राजेंद्र नगर से अलग-अलग रैलियों के माध्यम से गांधी हॉल पहुंचें धरना देने के पश्चात दोपहर 2 बजे मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे।

मुख्य आपत्ति 7 सेक्टर पर बांटने की है, जबकि एसोसिएशन का कहना है कि हम 4 सेक्टर पर राजी है। कागजात को लेकर यातायात पुलिस लगातार चालानी कार्रवाई कर रही है, इससे भी महासंघ को नाराजगी है। वहीं महासंघ पदाधिकारियों का कहना है कि जिस तरह राजवाड़ा से सीएनजी एवं बैटरी ऑटो रिक्शा को प्रतिबंधित किया है उसी प्रकार सिटी बस को भी प्रबंधित करें।

## जगह-जगह यूनियन पदाधिकारियों ने उतारी सवारी यात्री उतरे तो मांगे वापस पैसे



इधर आज सुबह से ज्यादातर ई-रिक्शा चलते नजर आए, उसके बाद यूनियन ने अपने साथियों को मुख्य चौराहों पर तैनात कराया। मुख्य चौराहों पर यूनियन पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे और चलते ई-रिक्शों से सवारी उतारकर रिक्शा बंद करवाया। कई रिक्शों के कांच पर हड़ताल लिखी थी, लेकिन ई-रिक्शा चल रहे थे। आज बड़ा गणपति पर जब कई रिक्शों को रोका और सवारी उतारी तो उनमें से दो रिक्शा की सवारी विवाद करने लगी और अपने पैसे भी वापस मांगे। इधर रिक्शा चालक यूनियन पदाधिकारियों के हाथ जोड़ते दिखे, उधर सवारियों से माथाफोड़ी करते रहे, यह क्रम कई चौराहों पर नजर आया। जिन रिक्शों के कांच पर हड़ताल नहीं लिखा था उन पर हड़ताल भी लिखा गया कुछ रिक्शों की चाबी भी छीनी गई।



## भाजपा नेता रहे भागवत की शोभायात्रा में मौजूद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कल से मूसाखेड़ी में भागवत कथा शुरू हुई उसके पहले कलश यात्रा राधे-राधे ग्रुप के बैनर तले निकाली गई। आयोजन से भाजपा नेता जस-राज शर्मा जुड़े हुए हैं इसलिए यात्रा में कई भाजपा नेता, पार्षद मलखान कटारिया, राकेश गोयल, प्रमोद रघुवंशी, केदार राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, राजकुमार बघेल, बबलेश पटेल, जितेंद्र ठाकुर, राजू दांगी सहित अन्य मौजूद थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को याद किया



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कल डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती प्रज्ज्वलित की और उन्हें याद किया। वहीं भागीरथपुरा में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई। मुरलीधर राहुल मेटांगे, ईश्वर तायड़े, रघुवीर मरमट, मक्खन सिंह अमेरिया, नारायण सेन, सुनील सेन, मोहम्मद अली मौजूद थे।

## स्वामी की प्रतिमा पर पुष्प शृंगार



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज सुबह गंगवाल बस स्टैंड स्थित प्रतिमा पर पुष्पों से विशेष शृंगार किया गया। भाजपा नेता रजत गर्ग ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, रजत गर्ग, अमित परमार, अमित पालीवाल सहित अन्य ने माल्यार्पण किया।

## विधायक और एमआईसी सदस्य ने किया माल्यार्पण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। स्वामी विवेकानंद विद्यालय में स्वामी विवेकानन्द प्रतिमा पर माल्यार्पण करने विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया पहुंचे। प्राचार्य मनोज खोकर ने भी माल्यार्पण किया और अतिथियों का स्वागत भी किया।



## युवक कांग्रेस के धरना पर कल पहुंचे थे कई बड़े नेता

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। युवक कांग्रेस का धरना कल तीसरे दिन भी जारी रहा। भागीरथपुरा घटना के मुद्दे पर कल कांग्रेस ने न्याय यात्रा निकाली थी। इसमें कई बड़े नेता भी आए थे। कल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक सचिन यादव, कमलेश्वर पटेल भी पहुंचे। अमित पटेल, सरफराज अंसारी ने स्वागत भी किया।

# जनहित पाटी की कल धरने के बाद आज रैली

## रानीसराय की हरियाली की रक्षा के कदम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जनहित पार्टी विगत कुछ दिनों से रीगल तिराहा पर जनजागरण अभियान कर रही है और रानीसराय के पेड़ों को बचाने के लिए धरना भी दिया जा रहा



है। कल भी धरना दिया गया और आम लोगों को पत्रक बांटे, बैनर, पोस्टर भी लगाए और आम लोगों को जोड़ने की अपील भी की गई। वहीं आज सुबह राजवाड़ा पर एकत्रीकरण किया गया और पैदल मार्च निगम कार्यालय तक निकाला गया, जहां निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। पूर्व में भी सांसद, मेट्रो परियोजना के अधिकारियों, कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिए जा चुके हैं और गुहार लगाई है कि रानीसराय के पेड़ों का बचाना चाहिए, चाहे उसके लिए मेट्रो का रास्ता परिवर्तित करना पड़े। उक्त जानकारी स्वप्निल जोशी ने दी।

# इंदौर के तापमान में फिर हुआ सुधार

## कम हो गई ठंड और चुभने लगी धूप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है जिसके परिणाम स्वरूप इंदौर के तापमान में बड़ा सुधार आ गया है। अब शहर में एक बार फिर ठंड गायब होती नजर आ रही है और धूप चुभने लगी है।

मौसम विभाग के अनुसार कल रात में इंदौर का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह पूर्व के दिवस की तुलना में 2.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसके साथ अधिकतम तापमान में भी वृद्धि हो गई है। कल इंदौर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। जब की परसों यह तापमान 27 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से इस तापमान में भी एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो गई है।

अब सुबह जल्दी या रात के समय पर भी कोई चुभने वाली ठंड महसूस नहीं हो रही है। हल्की गुलाबी ठंड शहर के नागरिकों को ठंड के मौसम का एहसास करा रही है। दोपहर के समय पर तेज धूप अब चुभने लगी है। थोड़ी देर तक तो यह धूप अच्छी लगती है लेकिन उसके बाद में यह धूप भारी पड़ने लग जाती है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि इंदौर में मौसम अब अभी इसी तरह का बना रहेगा। इस समय तो इंदौर और उसके आसपास के क्षेत्र से ठंड गायब होती हुई नजर आ रही है। कुछ दिनों के बाद यह ठंड एक बार फिर अपनी वापसी करेगी।

### मौसम के बदलाव से हैरान

शहर के नागरिक मौसम में आ रहे इस जोरदार बदलाव से हैरान है। कभी ठंड पड़ती है तो ऐसी पड़ती है कि व्यक्ति के लिए अपने घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है और कभी ठंड के मौसम में ही ऐसी गर्मी पड़ने लगती है कि धूप में चलना मुश्किल हो जाता है।



# दस दिन से नर्मदा का पानी बह रहा !

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पानी को लेकर इस समय पूरे शहर में हाहाकार मचा हुआ है। भागीरथपुरा में दूषित जल से मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर निगम द्वारा सारे शहर की पानी की लाइन चेक करने और जहां भी कोई लीकेज होगा उसे सुधारने का दावा किया जा रहा है लेकिन इस दावे के विपरीत हकीकत शहर में नजर आ रही है। पिछले दस दिनों से ग्रेटर ब्रजेश्वरी (अग्रवाल पब्लिक से पापा बेकरी रोड़) झोन 19 पर किसी नागरिक ने कनेक्शन लिया और नर्मदा लाइन फोड दी। इसके परिणाम स्वरूप पानी सड़क पर बह रहा है। इस बारे में क्षेत्र के लोगों द्वारा नगर निगम में शिकायत भी कर दी गई है लेकिन हमेशा की तरह शिकायते सुनने वाला कोई नहीं है।

# आज मुस्लिम समाज मना रहा त्यौहार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज अलसुबह फजर की नमाज के बाद फातिहा के बाद से ही मुस्लिम समाज कुंडे का त्यौहार मना रहा है और सुबह से ही खीर-पुरी, गुलाब जामुन व अन्य चीजों का भोग लगाया गया और उसके बाद सभी को इसका भोज कराया गया। सुबह से ही बच्चे और बड़े खीर-पुरी खाने के लिए अपने परिचितों के घर पहुंचे और कुंडे खाए। आज सुबह से बच्चों का ख़ीर-पुरी खाने के लिए अलग-अलग हुजूम दिखाई दिया। कुंडे का त्यौहार शाम तक चलेगा और लोग अपने नातेदार-रिश्तेदारों के यहां शाम तक कुंडे का भोज करने के लिए जाएंगे।

# अब आसमान में उड़ती पतंगों की भी होगी जांच

## चाइनीज मांझे से मौत के बाद एडिशनल सीपी ने दिए सख्त निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर में महज 4 घंटे के भीतर चाइनीज मांझे से तीन बाइक सवारों के गले कटने और एक युवक की मौत के बाद पुलिस प्रशासन अब बेहद सख्त रुख अख्तियार कर चुकी है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून-व्यवस्था) अमित सिंह ने शहर के सभी थानों को 'अलर्ट मोड' पर रहने के आदेश जारी किए हैं। अब पुलिस न केवल बाजारों में दबिश देगी, बल्कि छतों और मैदानों में उड़ती हर पतंग पर भी निगाह रखेगी। थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे मौके पर जाकर चेक करें कि पतंगबाजी में कहीं प्रतिबंधित डोर का इस्तेमाल तो नहीं हो रहा है।**

गौरतलब है कि प्रशासन के कड़े प्रतिबंध के बावजूद शहर में चोरी-छिपे नायलॉन और चाइनीज मांझे का उपयोग जारी है। कल हुई हृदय विदारक घटनाओं ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य युवकों की गंभीर सर्जरी करनी पड़ी। एडिशनल सीपी अमित सिंह के मुताबिक पुलिस पहले से ही इस घातक डोर को बेचने वालों के खिलाफ मुहिम चला रही है। अब तक करीब 5 विक्रेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जा चुका है और उनके खिलाफ जिलाबदर जैसी कड़ी कार्रवाई भी की गई है।

ताजा निर्देशों के बाद अब इंदौर के चारों जोन के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें सक्रिय हो गई हैं। पुलिसबल न केवल लोगों को जागरूक कर रहा है, बल्कि नियम तोड़ने वालों की धरपकड़ भी तेज कर दी गई है। थाना प्रभारियों से कहा गया है कि वे अपने क्षेत्रों में उड़ रही पतंगों की डोर की भौतिक जांच करें, यदि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित मांझे के साथ पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ बिना किसी रियायत के तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए। पुलिस का लक्ष्य है कि मकर संक्रांति के दौरान किसी भी अन्य नागरिक की जान इस 'मौत की डोर' की वजह से जोखिम में न पड़े।





# ज्योतिष सम्मेलन में सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कल ज्योतिष सम्मेलन में शिरकत की और ज्योतिष शिरोमणि उपाधि से ज्योतिषियों का सम्मान किया। उनमें कान्हा, संजय शर्मा, गगनदीप भाटिया का भी सम्मान किया गया। संतोष वाधवानी ने उक्त जानकारी दी।

# अभिभाषकों का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वरिष्ठ अभिभाषक अमरसिंह राठौर ने अभिनव कला समाज में विकास यादव की स्मृति में सुर-संगम मेहफिल का आयोजन किया। दिलीप राजपाल, राजेश गोगले, मानसी खंडेलवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# नोटरियों को दिए जाए फोटोयुक्त परिचय पत्र

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट गोपाल कचोलिया ने भारत-सरकार और मध्यप्रदेश-सरकार से मांग की है कि नोटरी के रूप में काम करने के लिए नियुक्त किए गए सभी अभिभाषकों को फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी किए जाए क्योंकि नोटरी नहीं होने के बाद भी कुछ लोग किसी अन्य नोटरी के नाम,सील,साईन का उपयोग करके नोटरी का काम कर रहे हैं। ऐसे फर्जी नोटरीयों पर अंकुश लगाने के लिए नोटरी पद पर नियुक्त अभिभाषकों के 'फोटोयुक्त परिचय-पत्र' जारी करवाने की आवश्यकता है।

# सामूहिक सूर्य नमस्कार में नहीं पहुंचे जनप्रतिनिधि



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस को आज युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जहां सभी स्कूल कॉलेजों में सूर्य नमस्कार के आयोजन हो रहे हैं। वहीं मुख्य आयोजन आज सुबह आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया गया। यहां पहु-ंचना तो सभी जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों को था उनमें कइयों की अनुपस्थिति नजर आई। जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति क्यों रही, इसकी जानकारी नहीं लग पाई। सामूहिक सूर्य नमस्कार का विहंगम दृश्य आज नजर आया। स्कूली विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में मौजूद रहे। वहीं आज आकाशवाणी से भी वंदे मातरम का राष्ट्रीय गीत गाया गया। वहीं स्वामी विवेकानन्द का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया।





## कल रविवार छुट्टी के दिन हुई पतंगबाजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मकर संक्रांति 14 जनवरी पर पतंगबाजी का आयोजन होगा। कल रविवार होने की वजह से पतंगबाजी के क्षेत्र जहां-जहां है वहां पतंगें उडी। लोग परिवार के साथ अपनी छत पर पहुंचे। महिला और बच्चे दोपहर बाद छतों पर आए। खासतौर से पश्चिमी क्षेत्र के मल्हारगंज, राजमोहल्ला में पतंगबाजी का कल ज्यादा ही माहौल था। कल देर शाम तक लोग छतों पर रहे। कई छतों पर नाश्तों के आयोजन भी चलते रहे। कुछ पतंग के शौकीनों ने पुरानी पतंग और पुरानी धागन से काम चलाया।वहीं कल देखने में आया कि कुछ जगह चायना धागन का उपयोग भी किया गया। लोगों का कहना रहा कि उनके पास पुरानी धागन पडी है, पतंग बाजी का माहौल बन चुका है, अब यह माहौल मकर संक्रांति 14 जनवरी तक रहने की उम्मीद भी जताई जा रही है। चित्र नार्थ राजमोहल्ला स्थित नीमा परिवार का है जहां सिया नीमा और मातृशक्तियां परम्परागत पतंगबाजी का लुत्फ लेती रही। सहयोग अनुराग नीमा देते रहे।

# भागीरथपुरा के सभी निजी बोरिंग के पानी की जांच की जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

### पूर्व पार्षद सहित रहवासियों की मांग जिन गलियों में टैंकर नहीं पहुंच रहा वहां के बोरिंग के पानी का सेवन ज्यादा

**जिला प्रशासन द्वारा भागीरथपुरा में पानी को लेकर लगातार सतर्कता अपनाई जा रही है प्रशासन द्वारा 80 शासकीय बोरिंग की जांच करवाई गई थी जिसमें से 58 बोरिंग का पानी पीने के इस्तेमाल करने के योग्य नहीं बताया गया जिस पर प्रशासन ने इनका उपयोग बंद कर दिया है इसके अलावा भागीरथपुरा में 115 निजी बोा-रिंग भी है जिनकी जांच को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।**

रहवासी इन बोरिंग का उपयोग अभी भी कर रहे हैं निजी बोरिंग के पानी की जांच के लिए जल्द कदम उठाने की बात रहवासी खुद अपने स्तर पर करवाने के लिए कह रहे है। लेकिन भागीरथपुरा के रहवासी बोरिंग के पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि नर्मदा लाइन में पानी आना बंद हो गया है साथ ही टैंकर के पानी का इस्तेमाल लोग नहीं कर रहे हैं लोगों का कहना है कि निजी बोरिंग के पानी का उपयोग सालों से करते आए हैं इसीलिए इस पानी को साफ करके पीने में कोई परेशानी नहीं है। समस्या उन रहवासियों की अधिक है जहां आसानी से नगर निगम के पानी का टैंकर नहीं पहुंच पाता और टैंकर के पानी से पूर्ति नहीं हो पाती। कई घरों में चार से पांच किराएदार भी रखे गए हैं ऐसी स्थिति में वह तीसरी मंजिल तक पानी नहीं चढ़ना चाहते इसीलिए बोरिंग के पानी का इस्तेमाल अधिक हो रहा है। इस मामले में फिलहाल प्रशासन को सतर्कता बरतनी होगी क्योंकि जिन शासकीय बोरिंग की जांच कराई गई है उनमें से 80प्रतिशत बोरिंग का पानी पीने के लायक नहीं रहा भागीरथपुरा के सभी निजी बोरिंग की जांच भी की जानी चाहिए।

पूर्व पार्षद मांगीलाल रेडवाल ने बताया कि भागीरथपुरा के लोगों के सामने अभी दोहरी समस्या है सबसे बड़ी पानी को लेकर हो रही परेशानी है शासकीय बोरिंग से पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है। लोग घरों में इस्तेमाल के पानी के लिए टैंकर से पानी भर रहे हैं टैंकर से पानी भरना मुश्किल होता है। हर दिन यह नहीं किया जा सकता। जिन बोरिंग के क्लोरिनेशन की रिपोर्ट आ चुकी है उनसे सप्लाई शुरू करना चाहिए। इसके अलावा पूरे क्षेत्र के निजी बोरिंग की जांच भी क्रमबद्ध रूप से की जाए इसके अलावा नर्मदा के पानी की सप्लाई को सुचारू जल्द से जल्द किया जाए क्योंकि एक-दो महीने बाद गर्मी का मौसम आ जाएगा ऐसी स्थिति में नर्मदा लाइन को इससे पहले ही चालू करना होगा ताकि पानी की किल्लत गर्मियों में नहीं रहे। भागीरथपुरा गली नंबर 11 के रहवासियों ने बताया कि हमारे घर के बोरिंग का पानी साफ आता है बदबू भी नहीं आती इसलिए आसपास की जरूरतमंद लोग भी इस पानी का उपयोग कर रहे हैं, बोरिंग का पानी सुरक्षित है। वही इस मामले में जब बोरिंग के पानी की जांच को लेकर रहवासियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि फिलहाल जांच नहीं करवाई गई है लेकिन जल्द ही वह खुद निजी लैब से पानी की जांच करवाएंगे।

## मल्हारगंज क्षेत्र में लगे मेट्रो ट्रेन के विरोध में बैनर




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मल्हारगंज और खासतौर से छोटा गणपति मंदिर के समीप बनने वाले मेट्रो स्टेशन को लेकर वहां के रहवासी लम्बे समय से विरोध दर्ज करा रहे है। अब घर और दुकानों पर कई जगह बैनर-पोस्टर लगे है जिसमें लिखा है कि मेट्रो स्टेशन के चक्कर में चार दर्जन मकान और दुकानों को नुकसान होगा, 300 परिवार प्रभावित होंगे।**

## सागर ज्यूस परिवार नहीं मनाएगा पतंग उत्सव

### *चाइना डोर का विकल्प आने तक लिया संकल्प*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मल्हारगंज क्षेत्र का प्रसिद्ध सागर ज्यूस परिवार इस बार संक्रांति पर पतंग उत्सव नहीं मनाएगा। परिवार द्वारा हर वर्ष पतंग उत्सव मल्हारगंज गली नंबर तीन सागर चौराहा पर मनाया जाता है। राजू सागर एवं पुष्पक सागर ने बताया कि छत पर भाईचारे एवं आसमान में दुश्मनी का पर्व यह हो गया है। चायना डोर से पक्षियों को काफी नुकसान होता है वही राहगीरों के साथ लगातार हादसे हो रहे है। कल ही एक बाइक सवार की चायना डोर से गला कटने से मौत हो गई। शहर हित में सागर ज्यूस परिवार ने इस साल पतंग महोत्सव नहीं मनाने का निर्णय किया है। जब तक इस डोर का विकल्प नहीं आएगा तब तक पतंग महोत्सव नहीं मनाने का संकल्प लिया गया है। उल्लेखनीय है कि सागर परिवार द्वारा हर वर्ष छत पर डीजे,आतिशबाजी के साथ यह पर्व मनाया जाता था। ज्यूस दुकान से सैकड़ों पतंग भी बच्चो को बांटी जाती थीं, लेकिन डोर के कारण पतंग वितरण भी बंद कर दिया गया।


**उठावना**



हमारे पिताजी एवं स्व. श्री कन्हैयालाल जी के सुपुत्र, स्व. श्री शंकरलालजी, स्व. श्री ओमप्रकाश जी के अनुज, स्व. श्री गोपालदासजी, स्व. श्री प्रेम कुमार जी एवं रतन कुमार, अनिल कुमार के बड़े भाई, नवीन, सुनील के काकाजी, सुधीर, नीरज, अमोल के ताऊजी, यश, दीपांशु, दिव्यांशु के दादाजी, राघव के परदादाजी

**श्री परसराम जी गर्ग**

का स्वर्गवास दिनांक 10 जनवरी 2026, शनिवार को हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 12 जनवरी 2026, सोमवार को सायं 4 बजे स्थान प्रीतमदास सभाग्रह स्नेह नगर, इंदौर पर रखा गया है। शोक बैठक प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे तक निज निवास 74, सुदर्शन नगर, इंदौर पर रखी गई है।

सुसराल पक्ष श्री चोखाणी परिवार का उठावना भी सम्मिलित रहेगा।

शोकाकुल – मुकेश गर्ग, दीपक गर्ग

फर्म – न्यू इंदौर अर्थ मूवर्स, श्री कृष्ण हाइड्रोलिक, इंदौर



# कसेरा बाजार स्कूल में हुआ आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आज स्वामी विवेकानन्द जन्म जयंती अवसर पर शिक्षा विभाग के निर्देश पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन स्कूलों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन अध्यापकों की मौजूदगी में किया। प्राचार्य वर्षा झांवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर एवं सभी इंचार्ज भी मौजूद रहे।

# सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सदर बाजार स्थित सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल में आज सुबह विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानन्द जन्म जयंती युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया। अलग-अलग विधाएं इस दौरान अध्यापकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने की और भगवान सूर्य को प्रणाम किया। प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि साथ में अध्यापकों ने भी अपनी भूमिका निभाई।



# डांस और मस्ती के साथ किया वैलकम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के वाओ वर्ल्ड ऑफ वुमन ग्रुप द्वारा मेंबर्स के लिए न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया गया। 2026 का स्वागत मस्ती और डांस के साथ किया जाए इस उद्देश्य से पार्टी ग्लैटर एंड ग्लैम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी सुरुचि मल्होत्रा ने दी।

# कंपाउंड रहवासी संघ पदाधिकारियों का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जावरा कंपाउंड स्थित लायंस डेन में जावरा कंपाउंड रहवासी संघ की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में सर्वानुमति से अध्यक्ष संजय अरोड़ा, सचिव केदार सारडा, उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, सह सचिवद्वय हितेश पाहवा एवं सुधीर खंडेलवाल, कार्य समिति सदस्य प्रतीक जैन, सुमित जैन एवं कमल जैन मनोनीत हुए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट रमेश छाजेड़ अध्यक्ष पूर्व बार एसोसिएशन थे। मनोनीत अध्यक्ष संजय अरोड़ा ने सभी का आभार प्रकट किया। पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत भी किया गया।



# 'झण्डा ऊँचा रहे हमारा अभियान शुरू होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था सेवा-सुरभि, जिला प्रशासन, इन्दौर पुलिस, इन्दौर नगर पालिक निगम और इन्दौर विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से 'झण्डा ऊँचा रहे हमारा अभियान' 15 जनवरी से प्रारंभ होगा जो 30 जनवरी तक चलेगा। 10 मुख्य कार्यक्रम होंगे, सैकडों स्कूली बच्चे भी रोजाना रीगल तिराहा स्थित इंडिया गेट पर देशभक्ति गीत के लिए पहुंचेंगे। आयोजन से सांसद शंकर लालवानी, ओमप्रकाश नरेडा, कुमार सिद्धार्थ जुडे है। समिति का गठन भी किया गया है, जिसमें अरविंद जायसवाल, मोहित सेठ, निकेतन सेठी, अनिल गोयल, नेमिचंद जैन, मनीष ठक्कर, अरविंद तिवारी, अतुल सेठ, प्रवीण खारीवाल, कमल कलवानी, चांदमल जैन शामिल हैं। 15 जनवरी को



दोपहर 3 बास्केटबाल कॉम्पलेक्स में सेवा-सुरभि, जिला प्रशासन, इन्दौर मैनेजमेंट एसोसिशन और श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान में सेलिब्रिटी लेखक और स्तंभकार चेतन भगत प्रमुख वक्ता होंगे. एक नागरिक के रूप में 'मैं क्या कर सकता हूँ' शीर्षक को भारत की आनेवाली पीढ़ी को ध्यान में रखकर सुनिश्चित किया गया है. शुभारंभबेला में प्रसिध्द गायक पं. गौतम काळे के संगीत गुरुकुल के विद्यार्थी वंदेमातरम की समवेत प्रस्तुति देंगे। वहीं रोजाना अलग-अलग दिन आलग-अलग आयोजन होंगे।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहीद सुखदेव परिसर विजय नगर से जुड़े रेंटल एसोसिएशन ने रक्तदान शिविर का



आयोजन किया। बड़ी संख्या में एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य मौजूद थे। मातृशक्तियों ने इस शिविर में सेवाकार्य में रुचि ली। सांसद शंकर लालवानी भी मौजूद रहे।

# सम्मेलन का निमंत्रण



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सूरज नगर बस्ती में होने वाले हिन्दू सम्मेलन के लिए मंगल मूर्ति रहवासी संघ को निमंत्रण दिया जा रहा है और रजिस्ट्रेशन भी कर रहे हैं। इस अवसर श्रवण वर्मा, जयदीप मांजरेकर, हरीश कपूर, आशीष पाटीदार, हेमन्त तोमर, दिनेश परदेसी, हरिप्रसाद यादव, संजय सक्सेना, ज्योति पाटिल, पूनम जैन, सुनिता शर्मा, शिरिश जैन, मनोज मिश्रा, मनीष सोनी मौजूद थे।

# रामस्नेही संत का निर्वाण उत्सव मनाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रामस्नेही ब्रह्मलीन संत रामकिशोर महाराज का निर्माण उत्सव रामद्वारा छत्रीबाग में मनाया गया।



चित्र पूजन कर आरती की गई, प्रसाद का वितरण भी हुआ। लक्ष्मीकुमार मुछाल, देवेन्द्र मुछाल, वासुदेव सोलंकी, जयंत पोरवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, राधेश्याम जोशी, हेमंत काकाणी, नंदकिशोर ललित बहिनीया, रामसहाय विजयवर्गीय, रामनिवास मोड मौजूद थे।

# अशरफी नगर में नशा मुक्ति शिविर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अशरफी नगर खजराना में आज चिकित्सकों के सहयोग से नशा मुक्ति शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जनरल स्वास्थ्य के साथ नशा पीड़ितों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। यह शिविर आज दोपहर 3 बजे तक स्टार चौराहे के समीप अशरफी नगर में आयोजित किया जा रहा है। अभियान से जुड़े कार्यकर्ता शफी शेख, सैयद इरशाद अली, इलियास खान, जावेद खान, इक़बाल खान ने बताया कि कालेज के सहयोग से डॉ. रामगुलाम राजदान के मार्गदर्शन में 15 चिकित्सक भी सेवाएं दे रहे है। डॉ. अनिल भंडारी भी अपनी भूमिका निभा रहे है।





# सिंधी समाजजनों ने बनाया स्वामी का रंगोली से चित्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा ने रंगोली से स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर चित्र बनाया। 163 दीप प्रीतमदास सभागृह में प्रज्ज्वलित किए। अध्यक्ष पंकत फतेहचंदानी ने स्वागत भाषण दिया। पंकज फतेहचंदानी, नरेश फुंदवानी, शिवांक चंदानी, जय काकवानी, अजय शिवानी, सरिता मंगवानी, चांदनी फुंदवानी, गिरीश ठाकुर, खुशाल मोटवानी, हिमांशु मँगवानी, सागर वाधवानी, दीपेश पारवानी, तुषार गंगवानी, पीयूष आहूजा, मनीष अरिजा, समीर खूबानी, पीयूष वाधवानी, सन्नी वाधवानी, सोनू सतवानी, मयंक चुग, देव भाटिया सहित अन्य मौजूद थे।

# अभिनेत्री से की मुलाकात



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अभय प्रशाल में आयोजित जीतो लेडीज प्रीमियर लीग में शिरकत करने इंदौर पहुंची तो विमानतल पर उनका स्वागत गोलू सेन ने किया।

# सिंधु संस्था का स्वास्थ्य शिविर



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सिंधु साख संस्था ने अस्पताल के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगाया, जिसमें 523 लोगों ने इस शिविर में लाभ उठाया। परामर्श देने के साथ जरूरी दवाइयां भी वितरित की गई। जवाहर मंगवानी, विशाल गिदवांनी, पंकज फतेहचंदानी, अनिल लखवानी, खेमचंद शादीजा, गोपाल दरियानी, डॉ. जय परियाणी, लालचंद छाबड़ा, लालचंद वाधवानी, राजेंद्र सचदेव, अनिल पाहुजा, संदीपन आर्य, प्रकाश रोचलानी, घनश्याम मालानी, सरिता मंगवानी, अनिल फतेहचंदानी, गोविंद पठेजा, राजेश बागजाई, अशोक गुलाबचंदानी, लता पुरुस्वानी, चांदनी फुँदवानी उपस्थित थे।

# विवाह उत्सव में हुई आतिशबाजी, आज चक्र स्नान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम विद्या पैलेस कॉलोनी से रथ यात्रा निकाली गई। भगवान गोदा रंगनाथ के विवाह का आयोजन भी हुआ। प्रभु और माता के जयकारे भी लगे। रथ पूजन के समय स्वामी केशवाचार्य महाराज, युवराज स्वामी यतीन्द्रचार्या महाराज के सान्निध्य में शंकरलाल शर्मा, रश्मि-रमेश मानधन्या, रामकिशन सोनी, रामबाबू गुप्ता लक्ष्मण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल ने पूजन किया। मनोहर सोनी, हरिकिशन साबू, दिनेश अग्रवाल, नितिन ख़टोड, नितिन तापडिया, दिनेश



सारडा कालू, भगवानदास हेडा, अक्षय काबरा, सरला हेड़ा, अनुराधा कश्यप, रामकिशन साबू, ऋषि कश्यप, विक्की साबू, राजेंद्र काबरा, दिलीप वाणी, कैलाश कांता जोशी सहित अन्य मौजूद थे। आज सुबह पुष्कर्णी में चक्र स्नान का आयोजन किया गया और भगवान वेंकटेश का महाभिषेक भी किया गया।



# समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने करवाया राशन वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भिक्षुक पुनर्वास केंद्र के लिए तीन माह के संपूर्ण राशन का सहयोग विनोद अग्रवाल ने संस्था प्रवेश के माध्यम से करवाया। वंशिका तपन अग्रवाल ने इस अवसर पर केन्द्र का भ्रमण भी किया और राशन वितरण में सहयोग भी किया आगे भी सहयोग की बात कही।



# जोशी का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बावीसा ब्राह्मण समाज इंदौर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उज्जैन शाखा सचिव सुनील जोशी को सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि धार के अध्यक्ष अभिषेक वैद्य थे।

# कृष्ण लीला से जुड़ी भक्ति रस की प्रस्तुतियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ऑल इंडिया मूवमेंट फॉर सेवा के तत्वावधान में लाभ मंडपम में कल भक्ति संगीत और भगवान कृष्ण की लीलाओं पर आधारित संगीतमय कार्यक्रम 'कृष्णम वन्दे' के नाम शाम रही, जिसमें कोई ढाई घंटे तक शहर के सुधि श्रोताओं ने देश की प्रख्यात गायिका एवं अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत सुश्री आर्या अम्बेकर की मधुर वाणी का पूरे परिवार सहित आकर आनंद लिया। वीएस कोकजे, स्वामी प्रणवानंद सरस्वती, सद्गुरु अण्णा महाराज का सान्निध्य मिला। संस्था के स्वामी ऐश्वर्यानंद सरस्वती, स्वामी कृष्णानंद ने एम फॉर सेवा द्वारा



संचालित आदिवासी बच्चों की शिक्षा-दीक्षा और छात्रावासों के बारे में जानकारी दी। आर्या,माधव लिमये, धवल जोशी, अपूर्व द्रविड, शुभम उगले, कार्तिक स्वामी ने संगत की। दिनेश मित्तल, श्रीनिवासन, मनोज कासलीवाल, जंबू कुमार भंडारी, पवन श्रीमाल, संतोष सरवटे, विवेक सिंघल, केवल जुनेजा, अजय गुप्ता, धीरेन्द्र दुबे, अशोक बवेजा, सुनील मालवीय, नीतेश सोलंकी मौजूद थे।

# मीणा समाज ने किया सम्मेलन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मीणा समाज का अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन आनंद मोहन माथुर सभागृह, बापट चौराहा पर संपन्न हुआ। देशभर से युवक-युवती और समाजजन इस आयोजन में मौजूद रहे। अतिथि केसी घुमरिया, सूर्यप्रकाश मीणा, प्रियंका मीणा, प्रद्युम्न सिंह मीणा का सम्मान भी किया गया। भगवान मिनेश को याद किया गया। परिचय पुस्तिका का विमोचन और वितरण भी हुआ। प्रत्याशियों ने मंच से अपनी बात भी रखी। शाम होते-होते कई



रिश्तों पर चर्चाएं भी चल पडी है। हरिओम मीणा, सुनील मीणा नंदा, राजेश मीणा, डॉ. धर्मेन्द्र मीणा, बसंतीलाल, मनोहर मीणा, जयप्रकाश जोनवाल, रामसिंह धनावत, जीआर पटेल, धन्ना मीणा, डॉ. महेन्द्र मीणा, जीतू मीणा, दिनेश मुकाती, घनश्याम बारवाल, रवि मीणा, संतोष मीणा, मुकेश मीणा, गोपाल मीणा, संजय मीणा, डॉ. श्याम सतवान सहित बड़ी संख्या में मीणा समाजजन उपस्थित रहे।

# तिलकेश्वर हेल्थ केयर सेंटर तिलक नगर में शुरू होगा

## नाममात्र शुल्क पर मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं, गरीबों व साधु-संतों के लिए विशेष व्यवस्था

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री तिलकेश्वर पार्श्वनाथ सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सेवा संस्थान द्वारा तिलक नगर क्षेत्र में तिलकेश्वर हेल्थ केयर सेंटर की शुरुआत आगामी माह से की जा रही है। इस सेंटर का उद्देश्य इंदौर के पूर्वी क्षेत्र के रहवासियों को नाममात्र शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। संस्थान द्वारा विशेष रूप से गरीब वर्ग एवं साधु-संतों के



लिए उत्तम एवं सुलभ इलाज की व्यवस्था की जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित न रहे। स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। लोगों ने इसका लाभ भी लिया, चिकित्सकों ने सेवाएं भी दीं। मुकेश जैन, डॉ. आशीष जैन ने बताया कि डॉ. गिरीश कवठेकर, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. पुलकित बंडी, डॉ. नीलम बरनवाल, डॉ. निखिलेश परसाई, भूमिका दुबे ने सेवाएं दी। क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत भी मौजूद रहे।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों का महासम्मलेन

# देश भर के चिकित्सक हुए शामिल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अभिनव समाज परिसर मे इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डा काउंट सीजर मैटी जयंती के अवसर पर इंदौर मेडिकल एसोसिएशन इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा क़ल आयोजित हुई महा चिकित्सक सम्मलेन में देश भर से चिकित्सक शामिल हुए। डॉ. एएम सिद्दीकी, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. आईएम अब्बासी ने बताया कि इस महा सम्मलेन मे देश और प्रदेश के उन इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों का सम्मान किया किया गया जो कई वर्षो से इस पैथी का न्याय पालिक के निर्देश अनुसार प्रचार प्रसार करते हुए इसी विद्या में अभ्यास कर रहे हैं। सांसद शंकर लालवानी और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, आरएन सिंह, नफीसा बेन भी बतौर अतिथि शामिल हुए। ममता शुक्ला, राजेश पांचाल, राजेश सोलंकी, ओपी दुबे, नाजिम खान, अमजद एहमद, निशांत मेहतो, सुधांशु विश्वास ने अपनी भूमिका निभाई।

# घर में किया गोदा-रंगनाथ विवाह उत्सव



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

नार्थ राजमोहल्ला निवासी विष्णु-उर्मिला कोठारी के यहां ठाकुर की सेवा है और कल घर में ही विशेष श्रृंगार कर गोदा-रंगनाथ विवाह उत्सव का आयोजन कोठारी दम्पति ने किया। कई श्रद्धालु मौजूद रहे।



# खंडेलवाल दिगंबर जैन समाजजन रहे बड़ी संख्या में सम्मेलन में मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. खंडेलवाल दिगंबर जैन महासभा के परिचय सम्मेलन का आयोजन नरसिंह वाटिका में किया गया। बडी संख्या में पूरे देशभर से समाजजन इस आयोजन में पहुंचे थे। मंच से भी जीवनसाथी के लिए प्रत्याशियों ने खुलकर अपनी बात रखी। अलग-अलग तरह की बातें रखी गई। प्रत्याशियों को उपहार दिए गए, समाजसेवियों का सम्मान किया गया। रंगीन स्मारिका का विमोचन हुआ। इंद्रकुमार सेठी, गजेन्द्र पाटनी का सम्मान किया गया। शेखर छाबडा, सनत गंगवाल, वीरेन्द्र बड़जात्या, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, डॉ. विजया जैन, चंद्रप्रकाश गंगवाल, प्रेमचंद काला आयोजन से जुडे रहे। अतिथि गजेन्द्र पाटनी, संदीप मोयरा, राजेंद्र सेठी, कमलेश कासलीवाल, राजेंद्र पाटनी, एके सेठी थे।

# सैकड़ों की संख्या में बैठक में कार्यकर्ता पहुंचे

## भोजशाला में अखण्ड पूजा के लिए भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा ने किया संबोधित

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर मे स्थित ऐतिहासिक और पौराणिक भोजशाला जिसे मां सरस्वती का मंदिर माना जाता है, वहा आगामी बसंत बसंती पंचमी को मां वाग्देवी के जन्मोत्सव मनाने को लेकर रविवार रात्रि में भोज उत्सव समिति और अन्य हिन्दू संगठनों ने पार्श्वनाथ जैन धर्मशाला मे बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सैकड़ों-हजार सर्व हिन्दू समाज के महिला-पुरुष और युवा शामिल हुए, बैठक को भोजशाला मुक्ति यज्ञ के



संयोजक गोपाल शर्मा, भोज उत्सव समिति के हेमंत दौराया ने बैठक मे मौजूद कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। आगामी बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती (वाग्देवी) का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाने की तैयारियाँ जोरों पर हैं, इसको लेकर पार्श्वनाथ जैन धर्मशाला में विशाल बैठक आयोजित की गई, बसंत पंचमी पर होने वाली अखंड पूजा और उत्सव की रणनीति तैयार करने के लिए बैठक में सैकड़ों-हजारों की संख्या में हिंदू समाज के पुरुष, महिलाएँ और युवा शामिल हुए, इस बार बसंत पंचमी 23 जनवरी को शुक्रवार को है, जिसे लेकर शहर सहित जिलेभर में काफी उत्साह देखा जा रहा है,इसके अलावा बैठक में कुछ और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, वहीं आगामी समय में विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी जिसको लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, साथ ही अन्य कार्यक्रमों को लेकर सामूहिक बातचीत भी की गई, वही भोजशाला मुक्ति यज्ञ के गोपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भोजशाला में मां वाग्देवी की नियमित और अखंड पूजा की बहाली के संकल्प को दोहराया, शर्मा के वक्तव्य के दौरान कार्यकर्ताओं में बहुत जोश देखा गया, कार्यकताओं ने जमकर नारे तथा तालियां भी बजाई, भोज उत्सव समिति ने स्वयंसेवकों की टोलियां बनाई हैं जो दर्शन व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करेंगे, वक्ताओं ने भोजशाला के ऐतिहासिक महत्व और हिंदू समाज की आस्था पर जोर देते हुए इसे 'मां सरस्वती का मंदिर' बताया और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

# मंत्री विजयवर्गीय के सोशल मीडिया प्रभारी पर पत्रकारों से अभद्रता का आरोप

## भोजशाला पर सवाल पूछते ही मंच छोड़कर रवाना हुए मंत्री

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** गत दिनों इंदौर में हुए घण्टाकांड की आग ठंडी भी नहीं पड़ी कि धार में फिर पत्रकारों के साथ अभद्रता का मामला सामने आया। वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय रविवार को विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन गारंटी योजना (वीबी-जीरामजी) को लेकर जिला भाजपा द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में शामिल होने एक निजी होटल पहुंचे। पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री के साथ इंदौर से आए उनके सोशल मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नामक युवक द्वारा पत्रकारों से अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शी पत्रकारों के अनुसार, पत्रकार वार्ता के दौरान कुर्सियों पर बैठने को लेकर सोशल मीडिया प्रभारी लक्ष्मी ने पत्रकारों से अनावश्यक बहस शुरू कर दी, जिससे माहौल असहज हो गया। इसके बाद




जब पत्रकार वार्ता समाप्त हुई और पत्रकारों ने आगामी 23 जनवरी, बसंत पंचमी के अवसर पर भोजशाला से जुड़े विषय पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल पूछे, तो मंत्री ने किसी भी प्रश्न का उत्तर दिए बिना मंच छोड़ दिया।

जब पत्रकारों ने माइक आईडी पर मंत्री से इंदौर जलकांड पर कांग्रेस की न्याय यात्रा को लेकर प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया, तब मंत्री के साथ मौजूद सोशल मीडिया प्रभारी लक्ष्मी और सुरक्षाकार्मियों ने कथित तौर पर पत्रकारों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए अभद्र व्यवहार किया। इस घटना से मौके पर मौजूद पत्रकारों में गहरा रोष व्याप्त हो गया।

पत्रकारों का कहना है कि जब उन्हें विधिवत पत्रकार वार्ता में आमंत्रित किया जाता है, तो सवाल पूछना उनका संवैधानिक और पेशेवर अधिकार है। सवालों से बचना और सहयोगियों द्वारा पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया जाना न केवल पत्रकारिता की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को भी ठेस पहुंचाता है। घटना के संदर्भ में पत्रकारों ने स्पष्ट किया कि वे केवल अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे, इसके बावजूद उनके साथ अपमानजनक भाषा और शारीरिक दुर्व्यवहार किया गया, जिससे वातावरण तनावपूर्ण हो गया। इस घटना के बाद धार जिले के पत्रकारों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। कई पत्रकार संगठनों ने इसे मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला करार देते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पत्रकार संगठनों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधियों की प्रेस वार्ताओं में ही मीडिया सुरक्षित नहीं रहेगा, तो यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। फिलहाल इस पूरे मामले में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय या उनके आधिकारिक प्रतिनिधियों की ओर से कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है, जबकि प्रशासन ने मामले की जानकारी जुटाने की बात कही है। पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में वे उन पत्रकार वार्ताओं का बहिष्कार करेंगे जिनमें नेताओं के सोशल मीडिया हैंडलर मौजूद रहेंगे। साथ ही यह भी कहा गया है कि आगे ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति होने पर पत्रकार उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।




# हिन्दू सम्मेलन में दिखी सामाजिक समरसता

## मातृशक्ति पर परिवार के साथ समाज और राष्ट्र निर्माण का भी दायित्व- श्रीमती सावनेर

**ख़रगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र. ललित खेडे)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू सम्मेलन के आयोजन सामाजिक समरसता के साथ हुए। दुनिया के संपूर्ण हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोकर भारतवर्ष के परम वैभव को शिखर पर पहुंचाना यह संगठन का अंतिम लक्ष्य है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के संकल्प को हम पंच परिवर्तन के कार्यो को सनातन धर्म के हर घर तक पहुचाकर पूरा कर सकते है। इसमें मातृशक्ति की अहम जिम्मेदारी होगी। क्योंकि मातृशक्ति परिवार से शुरुआत कर समाज और राष्ट्र में संस्कृति के निर्माण में सशक्त भूमिका निभा सकेंगी। उक्त आह्वान ममता सावनेर ने क़ल राधाकुंज मांगलिक परिसर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मातृशक्ति के रूप में बतौर वक्ता उपस्थित मातृशक्ति के बीच किया। समारोह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम बना। यहां हर जाति- धर्म के लोग एकत्रित हुए। वक्ताओं ने जात-पात की करो विदाई हिन्दू-हिन्दू भाई-भाई का नारा बुलंद किया। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सकल हिन्दू समाज द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन के रूप में उत्सव मनाया गया। समापन भारत माता की आरती से हुआ। आयोजन स्थल पर गौपालन, गौ- उत्पाद, सत- साहित्य, स्वदेशी वस्त्रों के साथ ही संघ की 100 वर्ष की यात्रा की परिवर्तन आदि का संदेश देती सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई थी। देशभक्ति एवं भजनों पर मनमोहक सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुतियां भी दी गई। मंच पर झोपड़ी बनाने के साथ ही वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रही। समारोह के बाद तीन हजार से अधिक लोगो ने एक समरसता भोज भी किया।

# रिश्ते संस्कार को देखकर करना चाहिए- कैलाश विजयवर्गीय

## अग्रवाल समाज परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने मंच से दिया परिचय

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अ.भा. अग्रवाल समाज युवक-युवती परिचय समेलन का आयोजन किया गया। बड़ी तादाद में अग्रवाल समाजजन और प्रत्याशी इस सम्मेलन में मौजूद रहे। कल रविवार होने की वजह से बड़ी संख्या में इंदौर से भी अग्रवाल समाजजन पहुंचे थे। सम्मेलन के लिए अलग-अलग कमेटियां बनाई गई थी। चर्चा के लिए समन्वय कक्ष पर भीड़ रही। बाहर से आने वालों के लिए ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। देश भर से समाजजन आए थे। 1067 प्रविष्ठियां में ज्यादातर




प्रत्याशी और परिजन मौजूद रहे। नए रजिस्ट्रेशन भी कराए गए। इस सम्मेलन में कई रिश्तों पर चर्चा भी चल पड़ी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी शिरकत की, उद्बोधन भी दिया और धार में हुए अग्रवाल समाज के बड़े परिचय सम्मेलन की सराहना भी की। विजयवर्गीय ने कहा रिश्ते कभी भी चमड़ी और दमड़ी देखकर नहीं करना चाहिए अपितु संस्कार को देखना चाहिए क्योंकि आजीवन यही रिश्तों को संभालते है। उन्होंने अपने संबोधन में परिचय सम्मेलन को हिंदू संस्कृति की प्राचीन सभ्यता बताते हुए श्री राम जानकी के विवाह को इतिहास का पहला सम्मलेन बताया। संचालन प्रद्युम्न जैन द्वारा किया गया। आयोजन से बबनलाल अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, मनोहरलाल अग्रवाल, गोपीकिशन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, आशीष गोयल, दीपक अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, डॉ. उमेश मित्तल, डॉ.के.सी जिंदल, वल्लभ अग्रवाल, संजय अग्रवाल, महेश अग्रवाल, श्याम मंगल, अशोक मित्तल ने अपनी भूमिका निभाई।

## संपादकीय

# लापरवाही की 'ओवरलोडिंग' बन रही मुसीबत, कब तक खाई में गिरती रहेगी जिंदगी?

हिमाचल प्रदेश में अधिकतर सड़कें पहाड़ी इलाकों से गुजरती हैं, जो संकरी होने के साथ घुमावदार भी हैं। कई सड़कें तो ढलान वाली हैं। भौगोलिक स्थिति इसे तब और जटिल बना देती है, जब घनी धुंध, बारिश या सड़क पर बर्फ की परत जम जाती है। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए कई तरह के उपाय लागू किए गए हैं, मगर जमीनी स्तर पर इनके प्रभावी नतीजे नजर नहीं आ रहे हैं। दुर्घटनाओं के आंकड़े कम होने की बजाय बढ़ते जा रहे हैं। पहाड़ी प्रदेशों में तो सड़क हादसों की भयावहता और भी ज्यादा होती है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में गुरुवार को एक निजी बस के पांच सौ फुट गहरी खाई में गिर जाने से चौदह लोगों की मौत हो गई और बावन लोग जख्मी हो गए। हैरत की बात यह है कि इस बस में सिर्फ 39 यात्रियों को ही बिठाने की क्षमता थी। जाहिर है कि बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। ऐसे में सवाल है कि क्या हर बार खराब मौसम और सड़कों की भौगोलिक स्थिति को हादसों के लिए जिम्मेदार बता कर आंखें मूंद लेना सही है? इस तरह के हादसों में होने वाली मौत के लिए किसकी जवाबदेही है? क्या सरकार और प्रशासन का दायित्व नहीं है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में अधिकतर सड़कें पहाड़ी इलाकों से गुजरती हैं, जो संकरी होने के साथ घुमावदार भी हैं। कई सड़कें तो ढलान वाली हैं। भौगोलिक स्थिति इसे तब और जटिल बना देती है, जब घनी धुंध, बारिश या सड़क पर बर्फ की परत जम जाती है। अगर वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री सवार हों, तब भी उनके अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में हुए इस हादसे का कारण भी बस में क्षमता से अधिक यात्रियों का सवार होना बताया जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि यात्री वाहनों के औचक निरीक्षण की व्यवस्था को कड़ाई से लागू किया जाए। इसमें दोराय नहीं कि समन्वित प्रयासों से ही सड़क हादसों को रोका जा सकता है। कोई मानवीय भूल न हो, इसके लिए चालकों को भी विशेष प्रशिक्षण और जागरूकता की जरूरत है। पहाड़ी इलाकों में जाने से पहले वाहनों की तकनीकी जांच कराने का पहलू भी अहम है। अगर हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए, तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# तेज आवाज में गाना बजाने पर खूनी संघर्ष पड़ोसी ने डंडा से मारकर फोड़ा सिर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

खजराना थाना क्षेत्र में संगीत की धुन पर शुरू हुआ विवाद मारपीट और खून-खराबे तक पहुँच गया। तेज आवाज में गाना बजाने की बात को लेकर हुए मामूली विवाद में एक पड़ोसी ने दूसरे पर बांस के डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति का सिर फट गया। पुलिस के मुताबिक, फरियादी 50 वर्षीय भोला कछवाह निवासी रामकृष्ण बाग कॉलोनी की रिपोर्ट पर आरोपी पड़ौसी महेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया।फरियादी कल अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान उसका पड़ोसी महेंद्र पांडे वहां पहुंचा और गालियां देने लगे। आरोपी का कहना था कि घर में तेज आवाज में बज रहे गानों से उसे परेशानी हो रही है। जब फरियादी ने गाली देने से मना किया और शांत रहने को कहा, तो विवाद अचानक हिंसक हो गया। आरोपी ने पहले हाथ-मुक्कों से फरियादी की पिटाई की और फिर पास ही पड़ा बांस का डंडा उठाकर उनके सिर पर दे मारा। सिर में डंडा लगते ही फरियादी बुरी तरह घायल हो गया और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर फरियादी की माँ कलाबाई और आसपास के रहवासी तुरंत मौके पर पहुँचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी वहाँ से भाग निकला, लेकिन जाते-जाते धमकी दे गया कि 'अगर दोबारा तेज आवाज में गाना बजाया, तो जान से खत्म कर दूँगा।'

# चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के कारण हो रहे जानलेवा हादसों को रोकने के लिए एमआईजी पुलिस अब सड़कों पर उतर आई है। मकर संक्रांति पर्व से पहले पुलिस ने एलआईजी चौराहे से लेकर प्रेस कॉम्प्लेक्स तक विशाल पैदल मार्च निकालकर आम जनता और दुकानदारों को जागरूक किया। इस मार्च के जरिए पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि कोई भी व्यक्ति घातक नायलॉन मांझा बेचते या उपयोग करते पाया गया, तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस पैदल मार्च का नेतृत्व सहायक पुलिस उपायुक्त हिमानी मिश्रा और एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह ने किया। भारी पुलिसबल के साथ निकली इस रैली के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और व्यापारियों से सीधा संवाद किया। पुलिस ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे अपनी दुकानें निर्धारित समय पर बंद करें और किसी भी चोरी-छिपे तरीके से प्रतिबंधित मांझे का विक्रय न करें। अधिकारियों ने जनता को समझाया कि यह मांझा न केवल इंसानों के गले और शरीर के लिए जानलेवा है, बल्कि आकाश में उड़ने वाले बेजुबान पक्षियों के लिए भी मौत का फंदा बन रहा है। जागरूकता मार्च के साथ-साथ पुलिस ने क्षेत्र के चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर चेकिंग अभियान भी चलाया। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दुकानों की आकस्मिक जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस आने वाले दिनों में भी इसी तरह की सख्ती जारी रखेगी ताकि किसी भी नागरिक की जान जोखिम में न पड़े।

# फ्लैट का ताला तोड़कर नकद और जेवरात ले उड़े चोर

**इंदौर।** तुकोगंज इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। एमजी रोड स्थित एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश हजारों की नकदी और सोने के जेवरात समेट ले गए। वारदात उस समय हुई जब परिवार घर से बाहर गया हुआ था। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, चोरी की यह घटना 'शिवओम रेसिडेंसी' (579 एमजी रोड) की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट नंबर ए-701 में हुई। फरियादी अर्चना बोरदिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे पिछले दिनों सुबह करीब 7 बजे किसी काम से घर से बाहर गई थीं। जब वे दोपहर करीब 3 बजे वापस लौटीं, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर अलमारी में रखे 20 हजार रुपये नकद और सोने के कीमती जेवरात चोरी कर ले गए हैं।

# जमानत होते ही गवाह पर बनाया राजीनामे का दबाव पुलिस ने तीनों आरोपियों को फिर किया गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बाणगंगा क्षेत्र में हत्या जैसे गंभीर मामले में जमानत पर बाहर आए आरोपियों को फरियादी पर राजीनामे का दबाव बनाना महंगा पड़ गया। आरोपियों ने जेल से बाहर आते ही गवाहों को डराना-धमकाना शुरू कर दिया था जिसे गंभीरता से लेते हुए बाणगंगा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और तीनों आरोपियों को दोबारा सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस अब इन आरोपियों की जमानत निरस्त करवाने के लिए न्यायालय में अर्जी लगाने की तैयारी भी कर रही है।

पूरा मामला टिगरिया बादशाह गांव का है जहां करीब चार माह पहले झन्ना बाई नामक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा था लेकिन हाल ही में वे जमानत पर रिहा होकर बाहर आए थे। बाहर आते ही मुख्य आरोपी चालू उर्फ जीवा परिहार, पवन परिहार और पंकज परिहार ने फरियादी दिनेश परिहार को घेर लिया और कोर्ट में राजीनामा करने के लिए मजबूर करने लगे। जब दिनेश ने कानून की राह छोड़ने और राजीनामा करने से साफ इनकार कर दिया तो आरोपियों ने उसे सरेराह जान से मारने की धमकी दे डाली।

लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर पीड़ित ने बाणगंगा थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बिना देरी किए तीनों आरोपियों के खिलाफ डराने-धमकाने और गवाह को प्रभावित करने की धाराओं में केस दर्ज किया और दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी गंभीर अपराध में गवाहों या फरियादी को डराना कानून का उल्लंघन है। आरोपियों की इस हरकत के बाद पुलिस अब कोर्ट में उनकी जमानत निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर रही है ताकि ट्रायल के दौरान गवाह सुरक्षित महसूस कर सकें।

# रेस्टोरेंट मालिक ने कड़े से मारकर युवक का सिर फोड़ा

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए युवकों के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रेस्टोरेंट मालिक ने बिल भुगतान के बाद ग्राहकों को जल्द बाहर जाने की बात पर विवाद किया और तैश में आकर अपने हाथ में पहने लोहे के कड़े से एक युवक के सिर पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी 26 वर्षीय नारायण गौर निवासी न्याय नगर एक्सटेंशन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्त सत्यम गौर के साथ भमोरी सी-21 मॉल के पास स्थित 'तंदूर बार एंड रेस्टोरेंट' में खाना खाने गया था। रात करीब 11:20 बजे जब दोनों खाना खाकर बिल चुका रहे चुके थे, तभी रेस्टोरेंट मालिक वहां पहुँचा और उन्हें तुरंत बाहर जाने के लिए कहने लगा। नारायण ने जब उससे कहा कि अभी तो रेस्टोरेंट बंद होने में 10 मिनट बाकी हैं और इतनी जल्दी क्यों कर रहे हो, तो मालिक अचानक भड़क गया। आरोप है कि रेस्टोरेंट मालिक ने पहले तो दोनों दोस्तों को गालियां दीं। जब नारायण ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपी ने अपने हाथ में पहने हुए भारी कड़े से नारायण के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले में नारायण का सिर फट गया और खून बहने लगा। उसके दोस्त सत्यम ने बीच-बचाव कर उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद आरोपी ने उन्हें धमकी दी कि 'अगर दोबारा यहाँ दिखे, तो जान से खत्म कर दूँगा।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 141900 | 140900 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 255400 | 262000 |

▪ निर्मल वर्मा धुंधरू

# पुराने विवाद में घर फूंकने की कोशिश, बदमाशों ने जलता हुआ 'पेट्रोल बम' फेंका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**बाणगंगा थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुराने विवाद का बदला लेने के लिए चार बदमाशों ने एक युवक के घर पर पेट्रोल से भरी जलती हुई बोतल (पेट्रोल बम) फेंक दी। इस हमले से घर के मुख्य दरवाजे पर आग लग गई, जिसे परिवार ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते बुझा लिया।**

पुलिस के मुताबिक, घटना जगन्नाथ नगर की है। यहाँ रहने वाले यश पिता कैलाश केथवास की रिपोर्ट पर आरोपी आरोपी आशीष पितारामशंकर बोरासी निवासी पटेल कालोनी, तनिष उर्फ छोटू पिता प्रमोद पाल निवासी दुर्गा नगर, अनिल पिता गयाप्रसाद निवासी कुशवाह नगर और सिकन्दर के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका 10 जनवरी की शाम को आरोपीगण से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते बीती रात करीब 10:30 बजे, जब फरियादी अपने घर पर था, तभी ये चारों आरोपी वहां पहुँचे। आरोपियों ने पेट्रोल से भरी एक बोतल में आग लगाई और उसे जान से मारने की नीयत से फरियादी के घर के अंदर फेंक दिया। पेट्रोल बम गिरते ही घर के मुख्य दरवाजे पर लगे पर्दे ने भीषण आग पकड़ ली। आग की लपटें देख फरियादी और उसके परिवार में अफरा-तफरी मच गई। फरियादी के शोर मचाने पर चारों आरोपी मौके से भाग निकले। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने तुरंत पानी डालकर आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में घर के दरवाजे और पर्दे जलकर खाक हो गए हैं।

मोबाइल वापस मांगना युवक को पड़ा भारी

# सनकी पड़ोसी ने दीवार पर पटक दिया सिर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में मोबाइल को लेकर हुए मामूली विवाद में मारपीट का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक ने जब अपने पड़ोसी से मांगा हुआ मोबाइल वापस मांगा, तो आरोपी ने आव देखा न ताव और सार्वजनिक स्थान पर फा-रियादी का सिर दीवार पर दे मारा। लहूलु-हान हालत में पीड़ित थाने पहुँचा, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी 30 वर्षीय गंगा सूर्यवंशी निवासी प्रोफेसर कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार सुबह करीब 10 बजे उसका पड़ोसी राज पिता जितेंद्र उसके पास आया और जरूरी काम बताकर मोबाइल मांगकर ले गया। कुछ देर बाद जब गंगा ने अपना मोबाइल वापस मांगा, तो राज इस बात पर अचानक भड़क गया। आरोपी ने बीच सड़क पर ही गंगा को अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। जब गंगा ने उसे गाली देने से मना किया, तो आरोपी राज ने गुस्से में आकर गंगा का सिर पकड़कर पास की दीवार पर जोर से पटक दिया। दीवार से टकराने के कारण गंगा के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा हुए, तो आरोपी वहां से भागने लगा। जाते-जाते उसने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी कि 'अगर दोबारा मोबाइल चलाने के लिए नहीं दिया, तो जान से खत्म कर दूँगा।' भंवरकुआं पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी राज के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

# विधायक के घर के पास से ई-रिक्शा का लॉक तोड़कर बैटरी ले उड़े चोर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में वाहन चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब जन प्रतिनिधियों के घर के आसपास भी वारदातों को अंजाम देने से नहीं कतरा रहे हैं। ताजा मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है, जहाँ विधायक गोलू शुक्ला के घर के पास खड़े एक ई-रिक्शा को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। चोरों ने ई-रिक्शा का लॉक तोड़कर उसमें लगी कीमती बैटरी चोरी कर ली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, फा-रियादी किशन हार्डिया निवासी गोमा की फेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपना ई-रिक्शा क्रमांक एमपी-09-जेडक्यू-5826 चलाकर गुजर-बसर करता है। उसने अपना रिक्शा विधायक गोलू शुक्ला के घर के पास स्थित एक प्ला-ट परिसर में सुरक्षित लॉक करके खड़ा किया था। शनिवार रात जब वह घर चला गया, तब तक सब ठीक था, लेकिन अगली सुबह करीब 8 बजे जब वह वापस लौटा तो रिक्शे की हालत देखकर दंग रह गया। रिक्शे का लॉक टूटा हुआ था और सीट खुली पड़ी थी। जा-ंच करने पर पता चला कि ई-रिक्शा में लगी 'ईस्टमेन' कंपनी की नीले रंग की कीमती बैटरी गायब थी। किशन का कहना है कि चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर लॉक तोड़ा और बैटरी निकालकर रफूचक्कर हो गए। विधायक के निवास के पास हुई इस चोरी की घटना से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बाणगंगा पु-लिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटी-वी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

# भावेश जोरदार जीत के साथ फाइनल में, अब रुद्र से टक्कर



**इंदौर।** भोपाल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भावेश गौर और ग्वालियर के रुद्र बाथम के बीच इड़ुल दास स्मृति मध्य प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग का निर्णायक मैच खेला जाएगा। वहीं महिला वर्ग में आन्या चौबे ने अनुभवी खिलाड़ी सारा यादव को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।

मध्य प्रदेश टेनिस संगठन के तत्वावधान में इंदौर रेसीडेंसी क्लब में आयोजित स्पर्धा में रविवार को विभिन्न वर्गों के सेमीफाइनल मैच खेले गए। टूर्नामेंट डायरेक्टर इंद्रकुमार महाजन ने बताया कि यह सत्र का पहला राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भागीदारी की। पुरुष एकल सेमीफाइनल में जोरदार टक्कर देखने को मिली। पहले सेमीफाइनल में रुद्र बाथम का सामना मयंक राजन से था। दोनों ही खिलाड़ियों ने कोर्ट पर अपनी शानदार सर्विस और वाली से प्रभावित किया। रुद्र बाथम ने मैच जीता, लेकिन जीत के लिए उन्हें तीन सेट तक संघर्ष करना पड़ा। रुद्र बाथम ने मयंक राजन को 6-2, 4-6, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में भावेश गौर ने नील गरुड़ को 5-7, 7-6, 6-0 से हराया।

## लोहा व्यापारियों ने किया खेलकूद का आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर लोहा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कई तरह के पुराने देशी खेल भी खिलाए। जितेन्द्र कटारिया, धर्मेद्र खंडेलवाल, अजय नागरिया, आसिफ नागोरी, प्रभात मिश्रा, सगीर खान, राजकुमार राठौर सहित अन्य मौजूद थे।

## म.प्र. को राष्ट्रीय मिनीगोल्फ में सफलता



**इंदौर।** नागपुर में संपन्न 11वीं सबजूनियर एवं जूा-नियर राष्ट्रीय मिनीगोल्फ प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम ने स्वर्णिम सफलता अर्जित की। मध्यप्रदेश सबजूनियर बालक एवं बालिका टीम ने नॉकआउट इवेंट में स्वर्ण पदक और जूनियर बालक टीम ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। टीम को विपिन गायकवाड़, आयुष चौधरी, सचिन कस्तुरे, अंश पाल, कशिश शर्मा, कनक यादव, सचिन चौधरी ने प्रशिक्षण दिया। इस उपलब्धि पर अध्यक्ष रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, सचिव कौशल शिवरे, पार्षद सुरेश टाकलकर, गजानन गावड़े, महेश अग्रवाल, मिलिंद दर्प, सुरेन्द्र सिंह सिद्धू, मनोज यादव, सिकंदर कुरील, नयन गडक, विपिन गायकवाड़, सचिन कस्तुरे, गगनदीप सिंह, ने बधाई दी।



## सी.आई.एस.एफ. दिल्ली के नाम रहा खिताब

**इन्दौर।** सेन्ट्रल जिमखाना क्लब की मेजबानी में आयोजित प्रकाश सोनकर व सुरेश ऐरन स्मृति अखिल भारतीय मोयरा गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा । लगभग 12 हजार दर्शक देश की दिग्गज टीमों का प्रदर्शन देखने के लिए मौजूद थे । पिछले 15 दिन से खिताब के लिए जो कशमकश चल रही थी, उसमें बाजी सी.आई.एस.एफ. दिल्ली के नाम रही। दिल्ली की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद जी.ए.एन.सी. मुंबई को टाईब्रेकर में 4-3 से मात देकर विजेता बनने का गौरव अर्जित किया। दिल्ली को मोयरा गोल्ड कप के साथ 1 लाख तथा उपविजेता मुंबई को 50 हजार रुपए की नगद इनामी राशि वितरीत की गई। नेहरू स्टेडियम में हजारों दर्शकों को रोमांचक खिताबी मुकाबले की दावत मिली। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने प्रभावी खेल का प्रदर्शन किया। दिल्-ली की टीम जहां सुंदर पासिंग गेम से शानदार मूव बना रही थी।

# स्कैन के लिए जाएंगे फिर सुंदर की सही जानकारी पता लगेगी: गिल



**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को पहले वनडे में 4 विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत इस जीत के बावजूद चिंतित है क्योंकि वॉशिंगटन सुंदर पर सीरीज से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में बॉलिंग करते हुए वॉशिंगटन सुंदर चोटिल हो गए थे, इस वजह से वह 5 ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान छोड़कर बाहर चले गए। उनकी जगह ध्रुव जुरेल बतौर सब्स्टीट्यूट फील्डर मैदान पर उतरे। सुंदर की यह चोट इतनी गंभीर थी कि बैटिंग में उनसे पहले हर्षित राणा को भेजा गया, मगर अंत में जब जरूरत पड़ी तो उन्हें बैटिंग करने के लिए उतरना पड़ा।

वॉशिंगटन सुंदर की बॉलिंग सधारण रही, उन्होंने 5 ओवर में बिना कोई विकेट लिए 27 रन खर्च किए। उनके मैदान छोड़ने के बाद उम्मीद कम थी कि वह बै-टिंग के लिए आएंगे। मगर जब टीम इंडिया को उनकी जरूरत पड़ी तो सुंदर को बैट पकड़कर मैदान पर उतरना पड़ा।

बैटिंग करते समय सुंदर को भागने में काफी तकलीफ हो रही थी, वह लगातार बाउंड्री की तलाश कर रहे थे, मगर कीवी खिलाड़ी उनकी हर कोशिश को नाकाम रहे थे। सुंदर ने 7 गेंदों पर 7 रन बनाए और केएल राहुल के साथ मिलकर टीम को जीत की दहलीज पार कराई।

कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद वॉशिंगटन सुंदर की इंजरी पर अपडेट देते हुए कहा, 'वह (वॉशिंगटन) स्कैन के लिए जाएंगे, इसलिए स्कैन होने के बाद हमें और जानकारी मिलेगी।'

बताया जा रहा है कि वॉशिंगटन सुंदर को साइड स्ट्रेन इंजरी हुई है। साइड स्ट्रेन से ठीक होने में लगने वाला समय चोट की गंभीरता के हिसाब से अलग-अलग होता हैः हल्की चोट (ग्रेड 1) कुछ दिनों से लेकर कुछ हफ्तों में ठीक हो सकती है, मध्यम चोट (ग्रेड 2) में 3 से 4 हफ्तों का समय लगता है, जबकि गंभीर चोट (ग्रेड 3) को ठीक होने में महीनों या उससे ज्यादा समय लग सकता है।

# क्रीडाभारती द्वारा सामूहिक व एकल सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता का आयोजन



**इन्दौर।** क्रीडा भारती द्वारा सामूहिक व एकल सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता का आयोजन क्रीडा भारती खेल परिसर रामबाग मे किया गया। विभिन्न आयू वर्गो मे 280 प्रतिभागियो ने सहभागिता की। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर देअविवि के पूर्व खेल निदेशक डॉ सुनील दुधाले, क्रीडा भारती महानगर अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह गौड, माल-वांचल योगासन स्पोर्ट्स संघ के अध्यक्ष दक्षदेव सिंह गौड व मालवा प्रांत महामंत्री हरीश डागुर के मुख्य आतिथ्य मे कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

6 से 12 वर्ष बालक आयु वर्ग में प्रथम समर्थ यादव, द्वितीय रिद्धांश सौलानी, तृतीय गोरक्ष पुरोहित रहे। बालिका वर्ग में प्रथम नव्या, द्वितीय मीहरा वशिष्ठ, तृतीय वरनिका दवे रही। 12 से 18 वर्ष बालक आयु वर्ग में प्रथम अक्षद सेन, द्वितीय समर्थ श्रीवास्तव, तृतीय श्रेयांस डोलिया तथा बालिका वर्ग में प्रथम मानसवी अचन्या, द्वितीय पलक चुघवानी, तृतीय अंजलि साईं रही।

इस अवसर पर हरदीप सिंह रूप्पल, अभय लक्कड़, योगेश पुरोहित, पूजा शर्मा, रंजन पंवार व मालवाचंल योगासन स्पोर्ट्स संघ के निर्णायकों की प्रमुख भूमिका प्रतियोगिता के सफल संचालन मे रही। जिसमें मुख्य रुप से विजय शंकर त्रिपाठी, अतुल खरे, अमित गीते, प्रियंका पटेल, ज्योति शर्मा, प्रार्थना दुबे, संपदा ,संचिता पाटीदार और पूजा सोलंकी, अदिति कोठारी आदि मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा




**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सरताज अकादमी द्वारा आयोजित योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में 13वर्ष बालक एकल में हर्षवर्धन सिंह, अथर्व सुक्रोशी, अर्णव गौर, अथर्व चौधरी, जय वर्धन सिंह, दक्ष चक्रवादिया, लक्ष्य मुराम्के और आरुष आर्य ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। प्रकाश धाकड, धर्मेन्द्र यशलहा, हर्ष सरग, अंकित शुक्ला उदघाटन अवसर पर मौजूद रहे। 11वर्ष बालिका वर्ग में अर्नी शुक्ला, मिशा खंडेलवाल, काव्या, हरीश कुमार, पहल चढोकर, निया मेहरबानी, अशि केलौत्रा ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, 13वर्ष बालिका एकल में अनुष्का चक्रवादिया, हंसिका गौड, पहल चढोकर, ध्यांशी गुरसहानी, लविका गोंदिया, निहिरा पटोदिया क्वार्टर फाइनल में आई, 11वर्ष बालक एकल में रेवांश कटारे, वंश गर्ग, सिद्धार्थ लश्करी, सानिध्य पाटीदार, अदविक जैन, लक्ष्य लश्करी, अदवय मोड़क क्वार्टर फाइनल में हैं, 15 और 17 वर्ष बालक, 9वर्ष बालक और बालिका और बालिका एकल , सभी वर्गो के युगल मुकाबले 13जनवरी से होंगे, स्पर्धा सचिव धर्मेश यशलहा को 12 जनवरी तक प्रविष्टियां दी जा सकती हैं, स्पर्धा में हरेक प्रतियोगी को उपहार दिया जा रहा हैं, 13वर्ष बालक एकल के दूसरे दौर में जयवर्धन सिंह ने आदेश कटारे को 14-15,15-14,15-12 से, अथर्व सुखर्शी ने लक्ष्य लश्करी को15-9,15-9 से हराया, 11वर्ष बालक एकल में सिद्धार्थ लश्करी ने दक्ष चक्रवादिया को 14-15,15-4,15-14 से, सानिध्य पाटीदार ने लवांश पटोदिया को 15-4,10-15,15-8 से , वंश गर्ग ने हरिमन चौरसिया को15-5,15-4 से और लक्ष्य लश्करी ने कृष्णा मिश्रा को 15-5,15-6 से पराजित किया, 11वर्ष बालिका एकल में अर्ना शुक्ला ने दिवा गुलाटी को 15-3,15-9 से , मिशा खंडेलवाल ने धनवी छाबडा को 15-7,15-8 से और काव्या हरीश कुमार ने दिशा शर्मा को 15-3,15-6 से हराया, 13वर्ष बालिका एकल में अनुष्का चक्रवादिया ने भाग्यश्री परमार को 15-10,15-13 से, लविका डोदिया ने मनरीत कौर को15-3,15-1 से और निहिरा पटोदिया ने मनश्री यादव को 15-1,15-1 से पराजित किया आज 12 जनवरी को मुकाबले दोपहर 1 बजे से होंगे।

## खेलों मप्र टीम के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स आज

**इंदौर।** हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला ने बताया कि खेलो म प्र यूथ गेम 2026 के अंतर्गत आज जिला स्तरीय बालक, बालिकाओं की हॉकी इंदौर टीम के लिए चयन ट्रायल्स चिमनबाग हॉकी मैदान ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर पर जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स आयोजित की गई है। उक्त चयन ट्रायल्स मे अंडर 19 वर्ष से कम खिलाडी 1 जनवरी 2007 अथवा उसके पश्चात जन्म खिलाडी भाग लेगी । टीम चयन के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित की गई है।

# हम नबंर वन टीम को आखिरी ओवर तक टक्कर दे पाए



**वडोदरा ।** न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल को वड़ोदरा वनडे में भारत के खिलाफ मिली 4 विकेट से हार के बावजूद अपनी टीम पर गर्व है। उनका कहना है कि उन्हें गर्व इस बात का है कि वह दुनिया की नंबर-1 टीम को आखिरी ओवर तक टक्कर दे पाए। बता दें, न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए भारत के सामने 301 रनों का टारगेट रखा था, इस स्कोर का पीछा टीम इंडिया ने 49वें ओवर में जाकर किया। यह मैच तो एक ओवर पहले खत्म हो जाता, अगर वॉशिंगटन सुंदर चोटिल ना होते तो। सुंदर चोटिल होने की वजह से विकेट के बीच ज्यादा रन नहीं दौड़ पा रहे थे।

माइकल ब्रेसवेल ने मैच के बाद कहा, हमें अपने प्रयास पर गर्व हो सकता है। हमने दुनिया की नंबर 1 टीम को आखिरी ओवर तक टक्कर दी और उन पर दबाव बनाया, जो हमेशा अच्छा लगता है। बेशक, कुछ ऐसे एरिया हैं जिन्हें हम ठीक करना चाहेंगे, और अगर हम 20 या 30 रन और बना लेते - यानी 320 या 330 के करीब - तो मैच बिल्कुल अलग हो सकता था।

काश वह (जेमिसन) चोट से उबरने के बाद 15 ओवर फेंक पाते, उन्हें आज जिस तरह से बॉलिंग करते देखा, वह हमारे लिए एक बड़ी पॉजिटिव बात थी। मुझे लगा कि हमारे बैटिंग ग्रुप ने काफी अनुभव और धैर्य दिखाया, वह (मिशेल) लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं, अगर हमने आखिरी में कुछ और रन बनाए होते, तो हम मैच को सच में दिलचस्प बना सकते थे। हम मैच बदलने वाले पलों को बनाने के बारे में बहुत बात करते हैं, और हालांकि हमने आज कुछ चीजें अच्छी कीं, लेकिन एक या दो मौके ऐसे थे जिन पर हम पीछे मुड़कर देखेंगे। भारत में लाइट्स में खेलना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने अपने लिए बहुत ऊंचे स्टैंडर्ड तय किए हैं और हम उन्हें हासिल करने की कोशिश करते रहेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस रनचेज में चेजमास्टर विराट कोहली शतक से चूक गए। वह 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं शुभमन गिल ने 56, श्रेयस अय्यर ने 49 और केएल राहुल ने 29 रनों की नाबाद पारी खेली।

# राजेश्वर और सुमित ने जीती होलकर पेयर राष्ट्रीय ब्रिज स्पर्धा




**इंदौर।** इंदौर कॉन्ट्रेक्ट ब्रिज एसोसिएशन, यशवंत क्लब तथा होलकर ब्रिज ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ब्रिज महासंघ के तकनीकी मार्गदर्शन में महाराजा यशवंतराव होलकर राष्ट्रीय ब्रिज प्रतियोगिता के तहत खेली गई राष्ट्रीय पेयर ब्रिज स्पर्धा का खिताब सुमित मुखर्जी व राजेश्वर तिवारी ने अपने नाम किया। वहीं स्वीस लीग डुप्लीकेट टीम स्पर्धा की ट्रॉफी मेवरिक्स टीम ने जीती। जे.एस. आनंद ट्रॉफी कृष्णा दास चक्रबर्ती व स्वेताद्री साहा ने तथा जस्टीस आर.के. विजयवर्गीय ट्रॉफी का गोपीनाथ मन्ना व देवव्रत मुजुमदार ने जीती। दिल्ली के निकिता व अरुण ने वी.के अग्रवाल ट्रॉफी ने अपने नाम की।

यशवंत क्लब के स्मैश हॉल में खेली गई राष्ट्रीय होलकर पेयर ब्रिज स्पर्धा का खिताब दिल्ली के राजेश्वर तिवारी व कोलकाता के सुमीत मुखर्जी ने 79 अंकों के साथ अपने नाम किया। दूसरे स्थान पर सागनीक राय व कौस्तुभ नंदी 73.6 अंकों के साथ हासिल किया।स्वीस लीग डुप्लीकेट टीम स्पर्धा का खिताब विदेशी खिलाड़ियों से सजी मुंबई की मेवरिक्स टीम ने टीम वर्जन को हराकर अपने नाम किया। मेवरिक्स की टीम ने शुरूआत से ही बढ़त हासिल कर ली थी। टीम को तीन लाख 20 हजार रुपए की इनामी राशि मिली।

जे.एस. आनंद ट्रॉफी का खिताब कृष्णा दास चक्रबर्ती व स्वेताद्री साहा ने हासिल किया। वहीं जस्टीस आर.के. विजयवर्गीय ट्रॉफी गोपीनाथ मन्ना व देवव्रत मुजुमदार ने जीती। शहर की लोकल टीम एवागार्ड को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं स्थानीय जोड़ी सुभाष देशपांडे और प्रकाश आचार को भी पुरस्कृत किया गया। सुभाष देशपांडे 86 साल की उम्र में फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे। पुरस्कार वितरण श्रीमंत रिचर्ड होलकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने उनके पिता के नाम से हो रही इस चैंपियनशिप के सफल आयोजन की सराहना की और इस चैंपियनशिप के विजेताओं को बधाई दी । इस अवसर पर मनमीत आनंद, संपत झंवर, योगेश जिंदल, सुधीर अग्रवाल, विवेक विजयवर्गीय, संजय गोरानी, अनिल विजयवर्गीय उपस्थित थे। संचालन जितेश अग्रवाल ने किया। स्वागत हेमंत पुरकर, प्रकाश आचार ने किया।

### महिला सशक्तिकरण का उत्सव मनाया

# अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने भी चलाया बल्ला



**इंदौर**जीतो (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा आयोजित महिला क्रिकेट लीग का सफल शुभारंभ उत्साह और जोश के साथ हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में देश के 9 विभिन्न राज्यों से आई महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी शानदार प्रतिभा, खेल भावना और एकता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री एवं फिटनेस आइकन शिल्पा शेट्टी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने जिटो की इस पहल की सराहना करते हुए महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपने सपनों को पूरे आत्मविश्वास और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जीतो लेडीज - इंदौर की चेयरपर्सन प्रियंका जैन ने कहा कि यह महिला क्रिकेट लीग केवल मैच जीतने का मंच नहीं है, बल्कि यह महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व और एकता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। जीतो का उद्देश्य महिलाओं को आगे बढ़ने, बाधाओं को तोड़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन ने सशक्त नारी, सशक्त राष्ट्र का सशक्त संदेश दिया।

# आज राजवाड़ा पर देशभर के बॉडी बिल्डर दिखाएंगे अपनी मांसपेशियों की कला

### स्वामी विवेकानंद मि. इंडिया फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग एवं मेन फिजिक चैंपियनशिप




**इंदौर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित स्वामी विवेकानंद मि. इंडिया फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग एवं मेन फिजिक चैंपियनशिप के अंतर्गत देशभर से आए बॉडी बिल्डर आज शाम राजवाड़ा पर अपनी मांसपेशियों की कला का प्रदर्शन करेंगे।

रविवार को स्थानीय लेक व्यू गार्डन में खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन, वजन एवं हाइट चेकिंग तथा प्री-जजिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्री-जजिंग कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू वी. जी., दीपेंद्र सिंह सोलंकी, संदीप शर्मा, मोहन सिंह राठौड़, रितेश विरांग सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

आज शाम 5 बजे शहर के ऐतिहासिक स्थल राजवाड़ा पर प्रतियोगिता का भव्य फाइनल राउंड आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से आए श्रेष्ठ बॉडी बिल्डर अपनी मांसपेशियों की कला और शारीरिक साधना का अद्भुत प्रदर्शन कर शहरवासियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 300 खिलाड़ी एवं 100 से अधिक ऑफिशियल भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के साथ-साथ केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, विदर्भ, ओडिशा, गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, झारखंड, गोवा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार एवं आंध्र प्रदेश से महिला एवं पुरुष खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं।

यह प्रतियोगिता कुल 17 वजन वर्गों में आयोजित की जा रही है, जिसमें 8 सीनियर, 2 जूनियर, 2 क्लासिक, 1 वूमन तथा 2 मैन जूनियर वर्ग शामिल हैं।

# पुलिस ने सुलझाई चेन स्नैचिंग की गुत्थी

## घेराबंदी देख दीवार से कूदे बदमाश, हाथ-पैर तुड़वाकर पहुँचे अस्पताल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ हुई चेन स्नैचिंग की वारदात का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस की घेराबंदी से बचने के लिए भाग रहे दो बदमाशों ने ऊंची दीवार से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई चेन, मोटरसाइकिल और चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं।

डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक के अनुसार वारदात 13 नवंबर की शाम करीब 5 बजे हुई थी। शर्मा एन्क्लेव (गिरधर नगर) निवासी अंकिता असावा अपने घर के बाहर टहल रही थीं, तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने इलाके के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिससे बदमाशों के भागने के रूट का पता चला। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों संदेही स्कीम नंबर 140 क्षेत्र में देखे गए हैं। तिलक नगर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की तो पुलिस को देख बदमाश घबरा गए और गिरफ्तारी से बचने के लिए एक ऊंची बाउंड्री वॉल से कूद गए। इस कोशिश में आरोपी ऋषभ सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के पास से वारदात में प्रयुक्त बाइक के अलावा लूटी गई सोने की चेन और चोरी के 3 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ऋषभ सोनकर (19 वर्ष) निवासी विनोबा नगर और रोहित वर्मा (20 वर्ष) निवासी रविंद्र नगर के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि इन दोनों पर पहले से ही लूट, चोरी और मारपीट के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इनसे शहर में हुई अन्य चेन स्नैचिंग और मोबाइल लूट की वारदातों के संबंध में कड़ी पूछताछ कर रही है जिससे कई अन्य खुलासे होने की उम्मीद है।

# 8 साल से शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर पति ने की पत्नी की हत्या

### *गला घोंटकर मार डाला फिर बीमारी का झूठा बहाना बना पुलिस को किया गुमराह*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

झरूएरोड्रम थाना इलाके में एक पति द्वारा अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस हत्याकांड के पीछे की वजह ने सबको हैरान कर दिया है। आरोपी ने पूछताछ में कुबूल किया कि उसकी पत्नी पिछले 8 सालों से उसके साथ शारीरिक संबंध नहीं बना रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था और इसी कुंठा में उसने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया।

घटना 9 जनवरी की है, जब सुमित्रा चौहान (40) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति माधव चौहान जो पेशे से मिस्त्री है, उन्होंने बड़ी चालाकी से इसे बीमारी का रूप देने की कोशिश की। उसने परिजनों और पड़ोसियों को बताया कि सुमित्रा की मौत अचानक बीमारी के कारण हुई है। हालांकि, पुलिस को माधव के बयानों पर संदेह हुआ, जिसके आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जैसे ही 'गला घोंटने' से मौत की पुष्टि हुई, पुलिस ने तत्काल आरोपी माधव को हिरासत में ले लिया। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी टूट गया और उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि करीब 7-8 वर्षों से उनके बीच वैवाहिक संबंध नहीं थे, जिसे लेकर घर में आए दिन विवाद और तनाव रहता था। इसी तनाव के चलते उसने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के लिए बीमारी की मनगढ़ंत कहानी रची। एरोड्रम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है। बताया गया कि जब बेटा काम पर गया और बेटी स्कूल गई तब वारदात को अंजाम दिया गया और पत्नी को अस्पताल भी ले गया था और वहां कहा था कि इसका बीपी लो हो गया है।

# कार पलटी, वहीं छोड़कर भागे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



खुड़ैल थाना क्षेत्र के कम्पैल रोड पर कल एक कार पलटी खा गई। बताया जा रहा है कि कार पलटी खाने के बाद एक मकान से भी टकराई, इस दौरान छोटे बच्चे भी समीप ही खेल रहे थे जो बाल-बाल बचे। बताया गया कि कार में कुछ नाबालिग भी थे और जानकारी जो मिल रही है उसके मुताबिक कार भी नाबालिग ही चला रहे थे। कम्पैल रोड के रहवासियों ने इस मामले में गाड़ी के नम्बर के साथ थाना में सूचना भी दी। इधर पुलिस ने घटना की जानकारी होने से भी इंकार किया।

# बीच बचाव करने पहुंचे व्यक्ति पर चाकू से हमला

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में विवाद शांत कराने पहुंचे एक व्यक्ति पर बदमाश द्वारा चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक चाकू लेकर फरियादी के भतीजे को धमका रहा था, जिसे समझाने के दौरान बदमाश ने आव देखा न ताव और बीच-बचाव करने आए व्यक्ति पर ही वार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना कन्हैयालाल की चाल, पाटनीपुरा की है। यहाँ रहने वाले 49 वर्षीय राधेश्याम पिता देवीलाल वर्मा की शिकायत पर आरोपी ऋषभ साहू के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका भतीजा शशांक वर्मा और उसका दोस्त भोला, आरोपी ऋषभ साहू से बातचीत कर रहे थे। उस दौरान आरोपी के हाथ में धारदार चाकू था। जब फरियादी ने देखा कि विवाद बढ़ सकता है, तो वे अपने भतीजे और आरोपी को समझाने के लिए मौके पर पहुँचे। फरियादी के दखल देते ही आरोपी ऋषभ भड़क गया और गालियां देते हुए चिल्लाया कि 'तू ज्यादा बीच में आ रहा है क्या?' इतना कहते ही आरोपी ने हाथ में लिए चाकू से फरियादी पर हमला कर दिया। हमले में चाकू फरियादी की हथेली पर लगा, जिससे वे लहूलुहान हो गए। चीख-पुकार सुनकर फरियादी की पत्नी निकिता, बेटी हंसिका और परिवार के अन्य सदस्य मयूर व शशांक वर्मा तुरंत मौके पर पहुँचे और बीच-बचाव किया। आसपास के लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी ऋषभ साहू वहाँ से भागने लगा, लेकिन जाते-जाते उसने पूरे परिवार को धमकी दी कि 'अगर दोबारा मेरे बीच में बोले, तो जान से खत्म कर दूँगा।'

# महंगे शौक के चक्कर में बना लुटेरा

## आईफोन झपटकर भागने वाला बदमाश चंद घंटों में धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में राहगीरों को निशाना बनाने वाले झपट्टामारों के खिलाफ खजराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हुए एक शातिर आरोपी को घेराबंदी कर मात्र कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से लूटा गया कीमती आईफोन और वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है।

खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव के मुताबिक यह पूरी कार्रवाई शनिवार को हुई एक वारदात के बाद अमल में लाई गई। एरोड्रम रोड निवासी फरियादी नितिन झार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह रेडिसन चौराहे के पास एमआर-10 रोड पर सड़क पार कर रहे थे तभी पीछे से एक बिना नंबर की बाइक पर आए युवक ने उनके हाथ से 'आईफोन प्रो-13' झपटा और स्टार चौराहे की ओर तेजी से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित की और घटनास्थल सहित आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में संदिग्ध की पहचान होने के बाद पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हुलिए से मिलता-जुलता एक संदिग्ध युवक स्कीम नंबर-134 स्थित सांझी तालाब दरगाह के पास अपनी मोटरसाइकिल के साथ खड़ा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन मुस्तैद जवानों ने उसे धरदबोचा। पूछताछ में आरोपी की पहचान अयाज उर्फ कातिया पिता बारिश खान निवासी सम्राट नगर खजराना के रूप में हुई है। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने शौक पूरे करने और कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में इस झपट्टामारी को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया मोबाइल और काले-लाल रंग की बिना नंबर की पल्सर बाइक जब्त कर ली है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों का फायदा उठाकर वारदातों को अंजाम देता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में हुई लूट और झपटमारी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है जिससे कई अन्य मामलों के खुलासे होने की उम्मीद है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।